THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Please ascertain what the issue is now. Please ascertain what the status is now. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, he has been arrested. ...*(Interruptions)*...

SHRI B.K. HARIPRASAD: It is breach of privilege. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): We will examine it. ...*(Interruptions)*... We will examine it, Jairam Ramesh *ji*. ...*(Interruptions)*... Now, Prof. Ram Gopal Yadav.

प्रो. राम गोपाल यादव: सर, ये हमें बोलने ही नहीं देंगे। ...(**व्यवधान**)...

SHRI RAVI PRAKASH VERMA (Uttar Pradesh): Sir, the House has to be in order first. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): The House is in order. ...*(Interruptions)*... We can hear him. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: Sir, we want to listen to our leader. ...*(Interruptions)*... हमारे नेता को बोलने के लिए वैसे ही कम समय मिला है। ...(**व्यवधान**)... Please bring the House to order. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): If there is breach of privilege, we will examine it and we will take appropriate action. ...*(Interruptions)*... A senior Member is about to speak. Kindly extend him the courtesy. ...*(Interruptions)*... We will examine it. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: For Ram Gopal Yadav *ji*, we are keeping quiet. ...*(Interruptions)*...

GOVERNMENT BILLS

The National Commission for Indian System of Medicine Bill, 2019
and
The National Commission for Homoeopathy Bill, 2019 — *Contd.**

प्रो. राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश): सर, हमारे बोलने के लिए केवल 8 मिनट का समय है, जबकि हमें इस बिल पर बोलने के लिए एक घंटे का समय चाहिए था। इसीलिए आप मुझे कुछ ज्यादा टाइम दे दीजिएगा।

---

*Continued from 17 March, 2020.

सर, जो इंडियन मेडिकल सेंट्रल काउंसिल 1970 की थी और होम्योपैथी सेंट्रल काउंसिल ऐक्ट, 1973 का था, इन दोनों को रिप्लेस करने के लिए ये दोनों बिल लाए गए हैं। हैल्थ कमेटी ने इस पर अलग-अलग दो रिपोर्ट्स, 115वीं रिपोर्ट और 116वीं रिपोर्ट दी थी। इसमें इंडियन मेडिकल सिस्टम पर 37 recommendations की थीं और उन 37recommendations में से केवल 15 recommendations को स्वीकार किया गया है। इसी तरह से होम्योपैथी वाले बिल पर 24 recommendations दी थीं और उनमें से केवल 13 recommendations मानी गई हैं। जो बहुत महत्वपूर्ण सिफारिशें थीं, उनको सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। मेरे पास बोलने के लिए ज्यादा टाइम नहीं है, इसलिए मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता हूं।

सर, एक तो हमारी हैल्थ कमेटी ने यह recommend किया था कि yoga और naturopathy को इसके purview में लाना चाहिए था, क्योंकि इसकी बहुत चर्चा होती है और सारी दुनिया में हम लोग विश्व गुरु होने की बात करते हैं और यह सही बात भी है, लेकिन उसको लाया नहीं गया है। इसके बारे में यह कहा गया है कि एक अलग से बिल आएगा। हमारी कमेटी ने यह कहा था कि जब तक बिल नहीं आता है तब तक एक yoga और naturopathy के लिए एक board create कर दिया जाए। यह सिफारिश भी नहीं मानी गई, जबकि यह करना चाहिए था। जब बिल आ जाता, तो यह अपने आप हट जाता। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने constitution of board of research के लिए recommendation भी की थी। महोदय, रिसर्च न होने से ही हमारी सबसे पुरानी जो विधा आयुर्वेद है, सिर्फ हमारी ही नहीं, बल्कि दुनिया की कहीं, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि न जाने कितने समय से हम उसे देखते और सुनते चले आ रहे हैं, रिसर्च न होने से ही उसका पतन हुआ है।

महोदय, आज जब हम देश में कोरोनावायरस की चर्चा कर रहे हैं, अगर हमारा आयुर्वेद पहले जैसा एडवांस रहा होता, यानी प्राचीन काल जैसा होता, तो इस तरह के किसी भी वायरस में हमें कोई डर नहीं होता और न कोई भय होता, लेकिन आपने उसकी रिसर्च के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की। आपने इस संबंध में कमेटी की सिफारिश भी नहीं मानी।

महोदय, इसका जो एक क्लॉज 6(8) है, उसके बारे में कमेटी ने यह सिफारिश की थी कि जो लोग उसमें काम कर रहे हैं, कमीशन के जो चेयरमैन हैं या जो मैम्बर्स हैं, उन्हें प्राइवेट मेडिकल एजूकेशन में एक्सपोर्ट के रूप में या कंसल्टेंट के रूप में मनोनीत नहीं करना चाहिए, क्योंकि वेस्टेड इंटरेस्ट्स हो जाते हैं, लेकिन उसे भी overrule किया गया अर्थात् उस सिफारिश को भी स्वीकार नहीं किया गया।

महोदय, पूरी हेल्थ कमेटी ने सर्वसम्मति से अपीलेट ट्रिब्यूनल के लिए रिक्मेंड किया था कि सेंट्रल गवर्नमेंट की बजाय एक ट्रिब्यूनल बना दिया जाए। अब ट्रिब्यूनल की बजाय सेंट्रल गवर्नमेंट को अपील करनी पड़ेगी, तो उससे कोई राहत मिलने वाली नहीं है।

[प्रो. राम गोपाल यादव]

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी के ध्यान में एक बात लाना चाहता हूं कि जो लोग पहले से हमारी दोनों की सेंट्रल कमेटीज थीं, उनमें काम कर रहे हैं, जैसे ही यह कमीशन बनेगा, उन्हें आप टर्मिनेट कर देंगे। मेरा कहना है कि आप इतने हृदयहीन मत बनिए और आपको मानवीय आधार पर उन्हें एडजेस्ट करना चाहिए, हमेशा एडजेस्ट किया जाता है। आपने न National Medical Commission वालों को एडजेस्ट किया और न इसमें आपने कोई सिफारिश मानी।

महोदय, आप आश्चर्य करेंगे कि तीनों बिलों में, NMC और दो ये, जिन पर हम अब चर्चा कर रहे हैं, इन तीनों में अधिकारियों ने कोई दिमाग नहीं लगाया। एक जैसे 58 Clauses हैं। इनमें केवल नाम बादल दिए गए और कमीशन के मैम्बरों की संख्या बदल दी गई। ऑलमोस्ट एक हैं। मेरा निवेदन है कि पुराने स्टाफ को रखिए।

महोदय, हमने सिफारिश की थी कि जैसे Governing Body, AIIMS की होती हैं, उनमें दो लोक सभा के और एक राज्य सभा का मैम्बर होता है। वैसे ही इन सबमें, जितनी भी यूनिवर्सिटीज और आयुर्वेद और होमियोपैथी के संस्थान हैं, उनमें दो लोक सभा के और एक राज्य सभा का मैम्बर होना चाहिए। वह सिफारिश भी आपने नहीं मानी। अभी कितने AIIMS हैं, उनमें कितने MP पहुंचते हैं? अगर ये संस्थाएं होतीं, तो जिनमें जनता के प्रतिनिधि होते हैं, तो कहीं न कहीं अधिकारियों को लगता है कि वे देख रहे हैं कि हम क्या कर रहे हैं और क्या नहीं कर रहे हैं। उससे उनमें कुछ न कुछ सुधार होता है।

महोदय, यह तो बात हुई कि दोनों बिलों में जो कमेटी की महत्वपूर्ण सिफारिशें थीं व नहीं मानीं, लेकिन मैं एक अन्य बात आपसे कहने जा रहा हूं कि हमारे जो आयुर्वेद और यूनानी सिद्धान्त हैं या होमियोपैथी है और खास तौर से मैं आयुर्वेद और युनानी सिस्टम्स के बारे में कहना चाहूंगा कि जब हम आयुर्वेद की चर्चा करते हैं, तो हमें पांच बातें याद रखनी चाहिए-एक अथर्ववेद की, एक चरक की, एक सुश्रुत की, जो शल्य चिकित्सा के थे, चरक मेडिसिन के थे, एक धन्वतंरि की, वे तो सुश्रुत के गुरु ही थे। पहले आश्रम में पढ़ते थे और जब निकलते थे और अच्छे वैद्य बनकर निकलते थे। वे नाड़ी देखकर बता देते थे कि क्या खाया, कैसा खाया और क्या गड़बड़ी है, वे यह भी नहीं पूछते थे कि आपको क्या कमी है या क्या बीमारी है, वे बहुत काबिल लोग हुआ करते थे। ऐसा इसलिए था, क्योंकि उनकी शिक्षा बहुत अच्छी थी। आप जो ये बिल ला रहे हैं, वह शिक्षा में सुधार करने तथा अच्छे वैद्य बनाने के लिए ला रहे हैं। उसमें बहुत ज्यादा सुधार करने की जरूरत है।

महोदय, जो नए आयुर्वेदिक कॉलेजेज खुल रहे हैं, वे हमने देखे हैं, उनमें जो पढ़ाने वाले हैं, वे सड़क पर चलने वाले एक मामूली आदमी के बराबर भी आयुर्वेद के बारे में नहीं जानते हैं, तो अच्छे वैद्य कहां से निकलेंगे? सर, यह बिल बहुत इम्पॉर्टेन्ट है क्योंकि

आज भी देश के गरीब लोगों का सबसे ज्यादा इलाज आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी के जरिए होता है। देश के 75 फीसदी लोग बड़े-बड़े अस्पतालों में, सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने की हैसियल नहीं रख सकते और न ही उनमें जा सकते हैं। अब तो इलाज भी इतना महंगा हो गया है कि सारे अस्पताल फाइव स्टार होटल्स बनते जा रहे हैं। वहां कौन-कौन जाएगा? पिछली बार हमारे एक सीनियर मिनिस्टर मेदांता में एक दिन चले गए थे। जब शाम तक कुछ टैस्ट वगैरह का 90 हज़ार रुपये का बिल बन गया, तो बिल देकर लौट आए कि अब नहीं कराएंगे। सर, अब ऐसा इलाज हो गया है। योग के जरिये बिना दवा के, बिना किसी खर्च के आदमी के मन, मस्तिष्क को और शरीर को दुरुस्त रखा जाता है। इससे इम्युनिटी इतनी बढ़ जाती है कि उसे कोई रोग प्रभावित नहीं कर सकता है। ...(**समय की घंटी**)... योग का मतलब ही यह है। मैं साइंस का स्टूडेंट रहा हूं, आप इसका कुछ भी अर्थ लें, लेकिन योग का मतलब एडिशन होता है। वह मन, मस्तिष्क पर कोई जोर नहीं देता है और स्वास्थ्य को भी बढ़ाने का काम करता है। वह प्लस करता है, माइनस कुछ नहीं करता है। इसलिए इस योग और नेचुरोपैथी को, जिनमें एक पैसा खर्च नहीं होना है, इनको आगे बढ़ाने का काम कीजिए। अगर आपने बिल लाने का वादा किया है, तो बिल जल्दी लाइएगा या फिर इसमें बोर्ड को include कीजिएगा। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Please conclude, Prof. Yadav.

प्रो. राम गोपाल यादव: सर, मैं एक मिनट में खत्म कर रहा हूं।

श्रीमान, हमने अपने सारे पुराने धर्मग्रंथों, वेदों, उपनिषदों और अन्य स्रोतों में आयुर्वेद के बारे में जो पढ़ा है, सुना है, उनमें वे सभी यह बताते हैं कि कोई ऐसा रोग नहीं था, जिसका इलाज इसमें नहीं हो। सर, ऐसा कोई रोग नहीं था। आयुर्वेद ने, यूनानी दवाइयों ने मरते हुए व्यक्तियों को जिंदा करने का काम भी किया था। ये जो पैथीज़ हैं, इनको बहुत ज्यादा प्रमोट करने की आवश्यकता है। पहले राजवैद्य होते थे, उनको राजा का, स्टेट का समर्थन प्राप्त होता था, इसलिए जब तक इस पैथी को स्टेट का समर्थन नहीं मिलेगा, तब तक इसका विकास नहीं होगा।

महोदय, एलोपैथी ने सभी को खत्म कर दिया है। अगर अभी भी एलोपैथी के डॉक्टर से कुछ कहेंगे, तो वे यही कहेंगे कि इसका scientific validation नहीं है। मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आप इसके जरिये कम से कम यह तो कर रहे हैं कि यह भी एक विधा है, इसका भी एक कमीशन है और लोग इससे भी स्वस्थ हों। अगर अच्छे वैद्य होंगे, तो लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इसका scientific validation कराने का अभी तक कोई काम नहीं किया गया है। हम लोगों ने अधिकारियों से बार-बार पूछा है। ...(**समय की घंटी**)... इसका scientific validation क्यों नहीं करवा रहे

[प्रो. राम गोपाल यादव]

हैं? आप इसका scientific validation करवाइए और लोगों को सस्ता इलाज दिलाने की व्यवस्था की कीजिए, क्योंकि बड़े अस्पतालों में एलोपैथी के डॉक्टर्स के जरिए हिन्दुस्तान का गरीब आदमी इलाज नहीं करवा सकता है। कुछ मामलों में होम्योपैथी रामबाण है और कुछ मामलों में आयुर्वेद भी रामबाण है। आपने मुझे यहां पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, as hon. Members have already submitted, this Bill has come out of a recommendation made by the Vice-Chairman, NITI Aayog in 2016. Replying to the queries put by the Committee, the Ministry had replied this. The question was: Why was it ineffective and why do you want to repeal the old Bill? The reply was that there was absence of effective provisions in the IMCC Act, relating to the constitution of council, membership, to have transparent selection of members and their tenure, no provision in the Act for taking action against colleges for non-compliance of standards, so on and so forth. Similarly, to another question they replied this. The question was: Why was it not effective? The reply was that there was lack of effective provisions in the Act to address the issues relating to membership, conditions for removal of members and president in the case of non-performance or otherwise, etc. Basically, the answer given was that the problem was structural in nature, that if the structural organisation of the Indian system of medicine is achieved, then the entire propagation and use of the Indian system of medicines by the citizens and people of this country would take place. Now, as we know, the new Bill, which has come up, largely addresses the structural issues in terms of increasing the number of members, three experts, etc. Several issues have been discussed by the hon. Members. But the basic question, which Prof. Ram Gopal Yadav just mentioned, is, why haven't or why hasn't it taken off? Whereas many of these practices and many of these medicines started in this country, why has it not taken off? To my mind, the most important thing is research. The lack of research in these branches of medicine has resulted in people not having enough confidence to adopt these medicines. Now, if you look at the objective of the National Institute for Indian System of Medicines, I find that there is an objective which says adoption of latest medical research but there is nothing after that in the Bill about research, conducting research, what kind of research to be carried out, whether the research has to be published, what kind of publication has to be done, what kind of scientific research would be done. Now, I would give you a suggestion, Sir. In Allopathy or in the clinical trials, what they follow largely all over the world is something called as randomized

control trials which has been now taken to different subjects. In the Indian system of medicine or in Homeopathy, no such approach, no such methodology is prescribed. Nowhere has it been captured. The people are unaware of it with the result that there is no confidence to adopt the practices. Unfortunately, the Bill does not address any such concern and there is nothing mentioned about research *per se* as to how to conduct a research, what the process would be.

The second point why it has not taken off, to my mind, is promotion. The promotion of Indian system of medicine and Homeopathy has not had backing of the Government at all. Even if there was a Bill, the allocations have not been much. It is only in the recent times and only in a few States that this has taken off whereas the kind of promotion that has been available to the allopathic branch of medicine, the so-called modern system of medicine, has not taken place. I think we have a lot to do in case of promotion.

Regarding the joint responsibility of the governing bodies and institutions to remove the misconceptions of people, nothing has been done about that. The information and education communication which could be provided free to people has not taken place. Various research bodies could be actually tagged together and jointly they could think about developing new research methodologies in these branches, it has not taken off. Health camps, which you find all the time, the so-called modern system of medicine, organizing that does not place. It is only rarely. We do not have T.V. shows. For example, as hon. Member, Prof. Ram Gopal Yadav was talking about, we do not have a first line of treatment except for Allopathy. We do not have any first line of treatment in the Indian system of medicine of Homeopathy. The same is to be developed, and I am not saying there is no potential. There is a lot of potential but develop research and scientific research, — I am not saying the process that is being adopted in Allopathy but you develop your own research methodology, your own research design and model — and then give it to the world. Now, unless that is done, an epidemiological kind of findings are there, we cannot have the first line of defence against diseases and epidemics. And if that happens, then, this kind of Indian system of medicine can actually take off. We do not have motivation. We have hospitals but they are not being monitored.

Now, another point, which is lacking in the Bill, is about the penalty. What is the penalty against quacks? What is the penalty against medical practitioners who are not registered and still practising? That is not mentioned.

[Dr. Amar Patnaik]

The next point, which I would like to mention, is about the appellate tribunal. The Government of India itself forms the committee, decides everything and also decides on the complaints. This is actually not a very happy situation. The States' representatives from the State Medical Councils do not find representation in the Central councils.

The last point, which I want to say again, Sir, is this. If you remember, my maiden speech in this House was on the Budget of the AYUSH Ministry when I had said that the philosophical underpinnings of all these four branches are completely different. It is not just different from Allopathy but it is different amongst the branches themselves. So, to club together three of the branches and only separate Homeopathy out, probably, would not give the final results that is expected. Thank you so much, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Thank you for adhering to your time. Now, Shrimati Kahkashan Perween.

श्रीमती कहकशां परवीन (बिहार): महोदय, मैं 'The National Commission for Indian System of Medicine Bill, 2019' और 'The National Commission for Homoeopathy Bill, 2019' का समर्थन करती हूं। इनका समर्थन मैं इसलिए करती हूं कि इससे जो गरीब लोग हैं, उनको भी आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी में इलाज मिल सकेगा। इन बिल्स के माध्यम से कहीं न कहीं चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर करने की कोशिश की जा रही है। अभी प्रो. राम गोपाल जी ने जो बात कही, जो हमारी हेल्थ कमिटी के चेयरमैन भी हैं, मैं उसकी भी ताईद करती हूं। उन्होंने अपनी हेल्थ कमिटी के माध्यम से जितनी भी सिफारिशें रखी थीं, उनमें से बहुत सारी सिफारिशों को मंत्रालय ने माना है, लेकिन बहुत सारी सिफारिशें ऐसी भी हैं, जिन्हें क़ुबूल नहीं किया गया है। कल जब डा. विनय सहस्रबुद्धे भी अपनी बात रख रहे थे, तो वे चिकित्सा पद्धतियों में आधुनिकता की बात कह रहे थे। कहीं न कहीं एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति को आज इतना ज्यादा बढ़ावा इसलिए मिल रहा है, क्योंकि वह आधुनिकता के दौर के साथ आगे बढ़ रही है, लेकिन वहीं हमारी बाकी की चिकित्सा पद्धतियां उसके सामरे कमजोर पड़ रही हैं। जब से यह हुक़ूमत आई है, तब से चाहे योग हो, आयुर्वेद हो, यूनानी चिकित्सा पद्धति हो या होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति हो, इन सबको बढ़ावा देने की कोशिश की गई है। इसके लिए सरकार ने इनसे संबंधित दिवसों की घोषणा भी कर दी है। आज हम लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं, धनतेरस के दिन आयुर्वेद दिवस मानाया जाता है, 11 फरवरी को यूनानी दिवस मनाया जाता है, यह सब इसलिए किया जा रहा है, ताकि लोगों को इससे बेदार किया जा सके, इसके प्रति सजग किया जा सके।

महोदय, जहां तक इसके बजट की बात है, मैं डा. अमर पटनायक जी की बात से बिल्कुल इत्तेफ़ाक़ रखती हूं कि बजट में इसके लिए कम प्रोविज़न रखा गया है। इसे एक मामूली सी बात से समझिए कि अगर हम किसी छोटी सी दुकान से कोई साड़ी खरीदने जाते हैं, तो कीमत कम रहने पर भी हमें यक़ीन नहीं होता कि यह साड़ी अच्छी होगी या घटिया होगी, वहीं अगर सीपी की मार्केट में कोई दुकानदार किसी सस्ती साड़ी को महंगी करके भी बेच रहा होगा, तो उस पर हम ज्यादा यकीन रखेंगे, इसलिए मैं आपसे गुज़ारिश करूंगी कि इसमें जो बजट एलोकेशन दिया है, बजट का जो प्रोविज़न किया गया है, वह बहुत कम है। अगर हम इन चिकित्सा पद्धतियों को वास्तव में बढ़ावा देना चाहते हैं और चाहते हैं कि आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी इत्यादि चिकित्सा पद्धतियां आगे बढ़ें, तो इनके लिए बजट में ज्यादा प्रोविज़न करने की जरूरत है।

आख़िर में मैं एक बात और कहना चाहती हूं कि योग और नेचुरोपैथी के लिए अलग से बोर्ड बनाया जाए। इसके लिए भी मैं हमारी हेल्थी कमिटी के चेयरमैन, प्रो. राम गोपाल यादव जी की बात की ताईद करती हूं। मैं एक बात और कहना चाहती हूं कि लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य इसकी बॉडी के भी सदस्य हों और इसके लिए मैं मांग करती हूं कि हमारी एक सिफारिश को जरूर माना जाए, बहुत-बहुत शुक्रिया।

†محترمہ کہکشاں پروین (بہار): میں 'The National Commission for Indian System of Medicine Bill, 2019' اور 'The National Commission for Homoeopathy Bill, 2019' کا سمرتھن کرتی ہوں۔ ان کا سمرتھن میں اس لئے کرتی ہوں کہ اس سے جو غریب لوگ ہیں ان کو بھی آیوروید، ہومیوپیتھی اور یونانی میں علاج مل سکے گا۔ ان بلوں کے ذریعہ سے کہیں نہ کہیں چکتسا ویوستھا کو اور بہتر کرنے کی کوشش کی جا رہی ہے۔ ابھی پروفیسر رام گوپال جی نے جو بات کہی، جو ہماری ہیلتھ کمیٹی کے چیئرمین بھی ہیں، میں اس کی بھی تائید کرتی ہوں۔ انہوں نے اپنی ہیلتھ کمیٹی کے ذریعہ سے جتنی بھی سفارشیں رکھی تھیں، ان میں سے بہت ساری سفارشوں کو منسٹری نے مانا ہے، لیکن بہت ساری سفارشیں ایسی بھی ہیں، جنہیں قبول نہیں کیا گیا ہے۔ کل جب ڈاکٹر ونے سہاسرابدھے جی اپنی رکھ رہے تھے، تو وہ طریقہ علاج میں جدیدکاری کی بات کہہ رہے تھے۔ کہیں نہ کہیں ایلوپیتھک طریقہ علاج کو آج اتنا زیادہ بڑھاوا اس لئے مل رہا ہے، کیوں کہ وہ جدیدکاری کے دور کے ساتھ آگے بڑھ رہی ہے، لیکن وہیں ہماری باقی کے طریقہ علاج اس کے سامنے کمزور پڑ رہی ہیں۔ جب سے یہ حکومت آئی ہے، تب سے چاہے یوگ ہو، آیوروید ہو، یونانی طریقہ علاج ہو یا ہومیوپیتھک طریقہ علاج ہو، ان سب کو بڑھاوا دینے کی کوشش کی گئی ہے۔ اس کے لئے سرکار نے ان

†Transliteration in Urdu Script.

[श्रीमती कहकशां परवीन]

سے متعلق دِوَسوں کی گھوشنا بھی کردی ہے۔ آج ہم لوگ بین الاقوامی یوگا دِوس مناتے ہیں، دھنتیرس کے دن آیوروید دِوس منایا جاتا ہے، 11 فروری کو یونانی دوس منایا جاتا ہے، یہ سب اس لئے کیا جارہا ہے، تاکہ لوگوں کو اس سے بیدار کیا جاسکے، اس کے پرتی سجگ کیا جاسکے۔

مہودے، جہاں تک اس کے بجٹ کی بات ہے، میں ڈاکٹر امریتانک جی کی بات سے بلکل اتفاق رکھتی ہوں کہ بجٹ میں اس کے لئے بہت کم پروویژن رکھا گیا ہے۔ اسے ایک معمولی سی بات سے سمجھئے کہ اگر ہم کسی چھوٹی سی دکان سے کوئی ساڑی خریدنے جاتے ہیں، تو قیمت کم رہنے پر بھی ہمیں یقین نہیں ہوتا کہ یہ ساری اچھی ہوگی یا گھٹیا ہوگی، وہیں اگر سی پی کی مارکیٹ میں کوئی دکاندار کسی سستی ساڑی کو مہنگی کرکے بھی بیچ رہا ہوگا، تو اس پر ہم زیادہ یقین رکھیں گے، اس لئے میں آپ سے گزارش کرونگی کہ اس میں جو بجٹ ایلوکیشن دیا ہے، بجت کا جو پروویژن کیا گیا ہے، وہ بہت کم ہے۔ اگر ہم ان طریقہ علاج کو حقیقت میں بڑھاوا دینا چاہتے ہیں اور چاہتے ہیں کہ آیوروید، ہومیوپیتھی، یونانی وغیرہ طریقہ علاج آگے بڑھیں، تو ان کے لئے بجٹ میں زیادہ پروویژن کرنے کی ضرورت ہے۔

آخر میں، میں ایک بات اور کہنا چاہتی ہوں کہ یوگ اور نیچروپیتھی کے لئے الگ سے بورڈ بنایا جائے۔ اس کے لئے بھی میں ہماری ہیلتھ کمیٹی کے چیئرمین، پروفیسر رام گوپال یادو جی کی بات کی تائید کرتی ہوں۔ میں ایک بات اور کہنا چاہتی ہوں کہ لوک سبھا اور راجیہ سبھا کے سدسئے اس کی باڈی کے بھی سدسئے ہوں اور اس کے لئے میں مانگ کرتی ہوں کہ ہماری اس سفارش کو ضرور مانا جائے۔ بہت بہت شکریہ۔

DR. BANDA PRAKASH (Telangana): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the National Commission for Indian System of Medicine Bill and the National Commission for Homoeopathy Bill. At the same time, there are so many limitations in the Bill. The Standing Committee chaired by Prof. Ram Gopal Yadav has made several recommendations. But, somehow, major recommendations are missing from the Bill. I would like to request the hon. Minister to please explain before going for the approval of the Bill as to how many recommendations have been considered; how many recommendations are included in the Bill; how many recommendations you have rejected and what are the reasons for that also. Sir, particularly, with regard to representation of the States, there should be more representation for the States. The representation of doctors is also only three in number. That should be increased to double in number because they are professionals and they can give valuable advice to the Government.

Another point is this. Sir, I want to bring it to the notice that here the Appellate Authority is only the Central Government. Instead of Central Government, the Appellate Authority should be an independent body so that they can function in a good manner.

Sir, another point is regarding the Advisory Council. There is no representation for the State medical colleges. I would request the hon. Minister to please consider the State medical colleges to be included in this Bill. Somehow, Yoga and Naturopathy are missing in this Bill. The Bill comes in the wake of rising demand to regulate the different traditional systems of medicine such as Ayurveda, Homeopathy, Unani, Siddha, Naturopathy and Yoga. The Bill, designed by the NITI Aayog, is modeled on the National Medical Commission Bill, 2017 and Naturopathy and Yoga should also be included. Why it is disappeared in the Bill, we do not know. The Parliamentary Committee has sought the inclusion of Yoga and Naturopathy in the National Commission for Indian System of Medicine Bill, stating these age-old practices with focus on holistic health are an integral part of Indian culture and the AYUSH system. The Committee also recommended that a Board of Yoga and Naturopathy be constituted under Clause 18 in the Bill. Currently, there is no central regulatory body for registration of Yoga and Naturopathy practitioners and standardization and recognition of 70 different courses of Yoga and Naturopathy. Almost 44 medical colleges affiliated to UGC, recognised universities offer Bachelor of Naturopathy and Yoga Science.

[Dr. Banda Prakash]

Registered as Yoga and Naturopathy medical practitioners in 15 States and Union Territories, there are over 10,000 students. Despite several representations from the organisations, the reasons not known, Yoga and Naturopathy are kept outside this Bill. Bachelor of Naturopathy and Yoga Sciences is a Medical Degree representing Yoga and Naturopathy system of medicine of the country, a fact which has been acknowledged and reiterated by the Ministry of AYUSH, Government of India in response to questions raised by hon. Members of Parliament on several occasions. Central Council of Indian Medicine, the current regulatory body covering Ayurveda, Unani, Siddha systems of Medicine, has on several occasions passed resolutions to bring Yoga and Naturopathy system of medicine under its purview. Fifteen States and Union Territories in the country are even conducting the programmes. In Naturopathy also, they are conducting post-graduate degree programmes in this country. Several universities are conducting this programme. The Government of India through an Executive Order tasked the work of Central Registration for Bachelor of Yoga and Natural Sciences medical graduates in 2017 to Central Council for Research in Yoga and Naturopathy, an autonomous body under the Ministry of AYUSH. Yoga and Naturopathy has been an integral part of the Indian system of medicinal science since 1970. The Central Council for Research and Yoga, Naturopathy, was earlier under the Ministry of Health and Family Welfare and is now under the Ministry of AYUSH. Since 1989, India amalgamated Yoga with Naturopathy to develop a perfect blend of drugless, mind-body medicine and proven lifestyle intervention …

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Please conclude.

DR. BANDA PRAKASH: …by developing the medical education system through the first two colleges, which have been grown to 44 colleges in Yoga and Naturopathy. Our country propagates Yoga the most. It seems that our hon. Prime Minister is an international brand ambassador for Yoga. So, why is the Government excluding Yoga and Naturopathy from this Bill? I request the hon. Minister to answer this. At the same time, so many people in the rural areas, without any degree, without any qualification, are practising Yoga, Naturopathy and AYUSH medicine. A number of times, the people affected with Jaundice take medicinal leaves from the rural areas. Even there are so many doctors, bonesetters and others, who resolve all their medical problems. I request that any training for three-four months should be given to them

by doctors, RMP or PMP, and trained in this medicine and be given some certificate programme in that course.

THE VICE CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Shri Somaprasad. …*(Interruptions)*… Time is over. …*(Interruptions)*…

DR. BANDA PRAKASH: Sir, last point..…*(Interruptions)*… Sir, my last point. …*(Interruptions)*...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Shri Somaprasad, please speak. …*(Interruptions)*... Not going on record. Shri Somaprasad, please continue. Your clock is ticking.

SHRI K. SOMAPRASAD (Kerala): Sir, the modern medicine and the system of Indian medicine, especially, Ayurveda are two different streams of knowledge. Ayurveda is the oldest and comprehensive system of medicine being practised in India since ages. India has a very long history and a strong base of traditional medicine like Ayurveda. The strength of Ayurveda and other Indian system of medicine lies in their three-fold holistic approach of prevention of diseases, promotion of health and care of disease. Ayurveda could make a sufficient impact in the context of preventive medicine. Ayurveda gives utmost importance to the patient's safety during the treatment through rational use of medicines. Hopefully, even though it is not sufficient, in recent period, there are several research activities which are going on in the Indian system of medicines. But, the existing laws related to the various aspects of Indian system of medicine are not sufficient to meet various challenges that are being faced now. It is true that it is high time to enact a comprehensive law covering each and every aspect of education, research, practice, production of medicine, medical ethics, etc. The new legislation which we are enacting now is not comprehensive. But, it touches major issues related to Indian system of medicine. When we think about Indian system of medicine, we should not forget Naturopathy and Yoga. The Bill is silent about Naturopathy and Yoga. Yoga and Naturopathy are part and parcel of Indian system of medicine. Their demand is that these branches should be included in this Bill. It is their longstanding demand. That is a genuine demand. I would like to know about the intention of the Government. At present, in India, there are eight lakh medical practitioners who are working. Out of it, 55 per cent are ayurvedic doctors.

*Not recorded.

[Shri K. Somaprasad]

484 ISM colleges are spread across the 26 States in our country. The ayurvedic doctors are doing a commendable job in providing first line of treatment, especially, in rural areas. It is good that adequate representation has been given to them in this Bill. But, when we go through the Clauses, still there are certain defects which should be removed. Sub-Clause (7) of Clause 6 says, "The Chairperson or a Member, ceasing to hold office as such, shall not accept, for a period of two years from the date of demitting such office, any employment, in any capacity, including a consultant or an expert in any private medical institution of Indian system of medicine." ...*(Time bell ring)...* Sir, I need one more minute. The next sub-Clause 8 says, "Nothing in sub-section 7 shall prevent the Central Government from permitting the Chairperson or a Member to accept any employment in any capacity, including as a consultant or an expert, in any private medical institution." When sub-Clause (8) is in operation, then, what is the use of sub-Clause (7)? Knowingly, the Government is permitting malpractices and corruption. The gates are widely opened. The Chairman and members, all of them are nominated and they are all good boys of the Government. There will be no hurdle to get permission from the Central Government. What will be the net result? There is every chance for members to become the representatives of private medical colleges. There is every possibility not only for corruption but also for favouritism. Sir, like that... ...*(Time bell rings)...* there is another sub-Clause. Sir, I need one more minute. The duties of the Medical Assessment and Rating Board is explained in Clause 28. One of the major duties is to carry out inspections of medical institutions for assessing and rating such institutions in accordance with the regulations made under this Act. Who will conduct this assessment? As per the proviso, for and on behalf of the Autonomous Board, some private agency, a third party will do this job. The inspection and assessment will be outsourced. What would be the final outcome? We have the bitter experience of Indian Medical Council. If this duty is outsourced, the malpractice and bribery would become part and parcel of the assessment. I strongly oppose this proviso. It should be deleted.

SHRI P. WILSON (Tamil Nadu): Mr. Vice Chairman, Sir, DMK is opposing this Bill and requesting to send this Bill to a Select Committee. Sir, both the Bills are verbatim-same and are a mirror image. Sir, I find serious infirmities in this Bill. Clause 3 of the Bill takes away the participation of the professionals through Councils and

whoever was there in the decision-making process in the earlier Acts. Earlier, about 40 per cent of the professionals were there in the Council. Now this Council is renamed as a Commission. Now, it is going to be manned by the bureaucrats. The professionals who have put their heart, soul and life in fifty years of this Council, are now going to be hijacked by the bureaucrats. The professionals are going to be miniscule in number. The bureaucrats are going to kill the democratic system of professionals manning their own body. Sir, these bureaucrats, who are going to be the outsiders, can they man this professional body? So, we would request the Minister to please restore the Council with elected professionals, and let the professionals to man this Council. Sir, the new Bill tries to divide the society. Sir, Clause 4 (4)(a) and Clause 5 (1)(d) are trying to create a barrier among the persons who are going to be selected as a part-time professors as well as in the Select Committee. The persons who know Sanskrit language only for part-time professors and to be in Selection Committee, are going to be selected. Sir, why language is a barrier there? If so, why don't you make Tamil as one of the languages? Now, we are putting a person knowing Sanskrit in high pedestal to be selected than the persons knowing other languages. Therefore, Sir, this Clause 4 (4)(a) and Clause 5 (1)(d) are highly discriminatory, violative of Article 14 and violative of Article 16 of the Constitution. Sir, equality before law should be applied and equal opportunity should be given to all of them, that is what Article 16 says. Now, I do not know as to why you include Sanskrit language as a qualification to the post of part-time lecture and member of Select Committee. Therefore, there is a discrimination between the person who knows Sanskrit language and who do not know Sanskrit. Sir, Siddha is a unique system of medicine in Tamil Nadu. It can be traced back to the Siddhar period. The Siddhas have written this in Tamil language. So, why did you leave Tamil language while selecting persons who are well familiar with Siddha? Sir, one more important thing is that the Bill tries to discriminate Yoga and Naturopathy. Sir, our former Prime Minister, Shri Atal Bihari Vajpayee, he floated AYUSH and he recognized Naturopathy and Yoga as one of the systems of medicine. It was there for about seventy years. Now, fifteen States in India regulate Yoga and Naturopathy through their executive orders. When the draft Bill was introduced by the NITI Aayog, it has clearly recommended for Yoga and Naturopathy. Now, when the Bill is introduced Yoga and Naturopathy are deleted. Sir, the Standing Committee recommended for inclusion of Yoga and Naturopathy. Yoga is taken to the whole world, as my previous speaker said, by the Prime Minister. Why are you forgetting Yoga

[Shri P. Wilson]

and Naturopathy? In Naturopathy, you can see natural way of healing. Yoga therapy, acupuncture, acupressure, magnetic therapy, mud therapy and hydro therapy, these all are the methods of curing the disease. ...*(Time bell rings)*... Now, you want to leave Yoga and Naturopathy. Sir, I would say that nearly 1,000 professionals are there, 42 colleges are there in India and ten colleges are there in Tamil Nadu imparting education on Yoga and Naturopathy.

Why do you have this NEET and NEXT examinations, and, NEET again, in the Post graduate course also? Sir, a uniform system of school education is not available throughout India. Every State has got their own system of education. Therefore, where is the question of having a level-playing field? This common NEET examination is going to cause a disaster. It has already caused disaster so far as the MBBS admission is concerned. Sir, I would say this common NEET is not at all required because each State has their own system of education. Sir, so far as the NEXT examination is concerned, why do you have another final examination when they have already passed the final exams, when the university has conducted the examination and given a degree? Why do you have another examination again in the form of NEXT? Sir, so far as the Post Graduate admission is concerned, you have the marks, you have the grades, why do you have another examination for Post Graduation? Therefore, Sir, I would request that let the 2 bills be sent to a Select Committee. You are trying to divide the people using language and caste. Please do not do it. Thank you, Sir.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY (Andhra Pradesh): Thank you Mr. Vice Chairman, Sir, for giving me this opportunity. This Bill would bring two important reforms. Firstly, it enables transparency and accountability and secondly it creates further trust on the Indian Medical Sciences. Sir, this Bill, if adopted, would establish two National Commissions, and these two Commissions, to promote the availability of affordable healthcare services and to streamline the functions related to academic standards, evaluation, assessment, and accreditation of educational institutions. Therefore, it is very important, and I, on behalf of my Party, stand to support this Bill. Sir, this Bill addresses two bottlenecks in the functioning of the present Council. This Bill also addresses the issue of supply of doctors as it promotes equity by ensuring adequate supply of quality medical professionals, and secondly, enforces high ethical standards. Sir, I have a few suggestions to be made to the hon. Minister. Many Members in

the House, particularly from the Opposition side, have raised the issue of non inclusion of Yoga and Naturopathy, and, in fact, 115th Report of the Departmental-related Parliamentary Standing Committee on Health and Family Welfare has specifically stated that these two are important, and they are to be included in this Bill. However, they are excluded. It is very unfortunate, and I request the hon. Minister to include these two also in the Bill. Sir, if Yoga and Naturopathy are left unregulated, then, the system of medicine cannot have uniform professional standards and accreditation process. Therefore, posing an impediment is not at par with the other Indian Systems, such as Ayurveda, Homoeopathy, and Unani, Sir.

Sir, I draw your attention to Clause 11, Sub-Clause 2(C) of the NCISM Bill which says, 'This may result in disproportionate representation of various branches, what have been referred to in the Bill.' Sir, therefore, instead of State-wise representation, the State-wise representation may be converted into subject-wise representation from each of the State so that each branch of medicine is proportionately represented from that State or Union Territory.

Lastly, there is a need to address quackery most effectively. I draw your attention to Clause 33, Sub Clause 1 of NCISM which dilutes the entire system that is being created. Your attention is drawn to Clause 33. I am reading in verbatim. "No person, other than a person, who is enrolled in the State Register or the National Register, as the case may be, shall practice.'' Now, there is a proviso to that. In the proviso, it is stated: " Provided that the Commission may permit a qualified person to practice in Indian System of Medicine without qualifying the National Exit Test, in such circumstances, for such period, as may be specified by Regulations.'' This dilutes the very objective of the provision. I, therefore, draw the attention of the hon. Minister to plug this loophole and we stand to support this Bill. Thank you very much.

डा. सुधांशु त्रिवेदी (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज यहां इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिंस और होम्योपैथी के संदर्भ में जो दो विधेयक प्रस्तुत किए गए हैं, मैं उनका समर्थन करने के लिए आपके समक्ष प्रतिवेदन दे रहा हूं। अभी जितने भी हमारे सम्मानित वक्ताओं ने बोला, प्रो. राम गोपाल यादव जी ने, अमर पटनायक जी ने और साथ ही अन्य कई वक्ताओं ने भी इस बात की आवश्यकता पर जोर दिया कि यदि रिसर्च, promotion और standardization, यानी अनुसंधान, प्रसार और मानकीकरण हो गया होता या बेहतर ढंग से हम इन चीज़ों को प्रभावी ढंग से रख सकते हैं। उनके concerns बिल्कुल उचित थे, परंतु मेरे विचार से ये चीज़ें आज तक इसलिए नहीं हो पाईं, क्योंकि व्यवस्थित प्रभावी उपकरण,

[डा. सुधांशु त्रिवेदी]

यानी जो एक effective mechanism चाहिए था, वह अभी तक उपलब्ध नहीं था। सरकार ने इन बिलों के माध्यम से इस प्रकार का एक प्रभावी उपकरण बनाने का प्रयास किया है, जिसके द्वारा हम रिसर्च, standardization और इन चीज़ों को आगे स्थापित कर सकेंगे। अब मैं एक और बात यह कहना चाहूंगा कि हम यह बात करते हैं कि आज इसकी आवश्यकता क्या है? उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि मैं टेक्नोलॉजी का विद्यार्थी हूं और मैंने यह देखा है कि पोलिटिक्स और टैक्नोलॉजी में यह संबंध है कि आप टेक्नोलॉजी का paradigm बदल दीजिए, पावर का paradigm बदल जाता है। सेकंड वर्ल्ड वॉर के बाद जैसे ही अमेरिका के पास एटम बम आया, पावर paradigm यूरोप से शिफ्ट होकर अमेरिका चला गया। आज यदि हम फार्मास्यूटिकल्स और मेडिसिंस के क्षेत्र में देखें, तो पश्चिमी देशों ने इतनी प्रगति कर रखी है कि यदि हम उसी branch of knowledge में उनके फॉलोअर बनना चाहेंगे, तो जैसे अमेरिका के Food and Drug Administration (FDA) ने — तो हमें उनके आस-पास पहुंचने में दशक लग जाएंगे। परन्तु, यदि हम paradigm shift कर दें, तो वह paradigm shift alternative sources of medicine है, जिसमें होम्योपैथी और आयुर्वेद आते हैं, जिनके पस यह आधार है, जिनका मूल आधार ही उन चिकित्सा पद्धतियों से अलग है। यदि हमने इसमें अपने को सही ढंग से स्थापित कर लिया, तो हमें 80 से 90 प्रतिशत मामलों में उन चीज़ों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जो वे हमें बड़े ऊंचे मूल्यों पर देते हैं।

मैं सिर्फ एक बिन्दु की तरफ ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा कि किस मामले में हमारे इंडियन सिस्टम और उनके सिस्टम की मूल प्रकृति अलग है। देखिए, जितनी भी चिकित्सा पद्धतियां हैं, वे सब चिकित्सा विज्ञान हैं। आप उनसे पूछिए कि व्यक्ति स्वस्थ है, तो इसका अर्थ क्या हुआ? अगर उसको कोई रोग नहीं है, तो वह स्वस्थ है। अगर उसे कोई रोग हो जाएगा, तो उसे उस रोग की दवा दे देंगे। परन्तु, बात यह है कि by name itself, आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यहां पर ऐसी भी औषधियां उपलब्ध हैं, जो आयु के संरक्षण और संवर्धन के लिए उपयुक्त हैं और प्रभावी हैं। इसीलिए आप देखें कि बाकी जो western medicinal thoughts हैं, वे यह क्लेम ही नहीं करते कि general immunity को बढ़ाने के लिए उनके पास सिवाय multi-vitamins and multi-minerals देने के बहुत कुछ है। हम देख भी रहे हैं कि जिस प्रकार virus and immunology related खरते बढ़ रहे हैं, अगर हम इसे प्रभावी ढंग से रख पाएं, तो समझिए यह आयु का विज्ञान, आयु के संरक्षण और संवर्धन में एक प्रभावी रोल प्ले कर सकता है।

अब मैं एक और बात कहना चाहूंगा कि बहुत से लोग यह कहते थे कि साहब, हमें उसके हिसाब से साइंटिफिक ढंग से इन चीज़ों को आगे रखना चाहिए। अब किसे साइंटिफिक कहें, उपसभाध्यक्ष महोदय? केवल 40-50 साल पहले की ही तो बात है जब यह कहा जाता

था कि यह फूल-पत्ती खाकर क्या कोई इलाज होता है? क्रोसीन, टेरामाइसिन, मेटासिन खाओ, आधुनिक बनो, नई-नई मेडिसिंस खाओ। आज 50 साल के अंदर हम फिर यह कहने की स्थिति में आ गए हैं कि go back to herbal medicine. भाई, साइंस तब सही थी या अब सही है? हम तो तब भी वही थे, आज भी वही हैं, आप बदल गए हैं। इस बदलाव को अब हमें विश्व को स्वीकार करवाने की आवश्यकता है बजाय इसके कि हम उनके हिसाब से अपनी व्याख्या करने का प्रयास करें।

अब मैं एक अन्य उदाहरण आपके ध्यान में लाना चाहूंगा। जैसा कि हमारे कई सम्मानित वक्ताओं ने औषधियों के बारे में बताया। चरक से लेकर धन्वन्तरि जी तक ऐसे बहुत-से उदाहरण उपलब्ध हैं, परन्तु जिसको वैस्ट की सबसे बड़ी उपलब्धि माना जाता है, वह है सर्जरी। सर्जरी की जितनी डिटेल्ड जानकारी आयुर्वेद में उपलब्ध है, उतनी कहीं और नहीं है। सुश्रुत संहिता में 180 चैप्टर्स हैं, 1,100 डिजिज़ेज हैं, 121 इंस्ट्रूमेंट्स हैं, 650 मेडिसिंस हैं, जिनमें animal, plant and metals, ये सभी सोर्सेस से हैं और 300 से ऊपर प्रोजीजर्स हैं। इतना ही नहीं, शायद कुछ लोगों को सुनने में अटपटा लगे, परन्तु हड़प्पा सिविलाइज़ेशन, जिसे आज हम सिन्धु-सारस्वत सभ्यता कहते हैं, उसके excavation करने वाले सर जॉन मार्शल, जो ब्रिटिश टाइम में ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के चीफ थे, उन्होंने अपनी बुक, जिसमें उन्होंने तक्षशिला के excavation का जिक्र किया है, उसके पेज नम्बर 210 पर लिखा है कि surgical instruments of Indian Civilization second century से अवेलेबल हैं। आज भी अगर आप पाकिस्तान के पंजाब प्रोविंस के म्यूज़ियम में जाइए, तो पाएंगे कि वहां दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व के surgical instruments रखे हैं। जब वहां पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, मीरा कुमार जी गई थीं, तो वर्ष 2012 में उनके अख़बारों ने इसको रिपोर्ट भी किया था। मैं केवल यह कहने का प्रयास कर रहा हूं कि surgery, जिसको बहुत बड़ी अचीवमेंट माना जाता है, वह बहुत पुरानी पद्धति है।

सर, उसके संबंध में एक और तथ्य मैं आपके माध्यम से सदन के समक्ष रखना चाहूंगा। लोग प्लास्टिक सर्जरी के बारे में बात करते हैं। लंदन से निकलने वाली एक बड़ी फेमस मैगज़ीन, जिसका नाम The Gentleman था, उसमें वर्ष 1794 में दो डॉक्टर्स, टॉम्स क्रूसो और जेम्स फेंडिल ने बाकायदा एक आर्टिकल लिखा। यह लंदन में छपी हुई मैगज़ीन है और 1794 में वे लिख रहे हैं कि भारत के पुणे में 1793 में एक व्यक्ति की नाक कट गई थी। उस नाक को जोड़ने की प्रक्रिया आयुर्वेदिक सिस्टम से उन्होंने देखी and that was successfully done. यह उन्होंने रिसर्च पेपर पब्लिश किया। मज़ेदार बात यह है कि उन्होंने यह लिखा कि पुणे में जो नाक जोड़ने वाले थे, वे कौन लोग थे, वे कोई बहुत पढ़े-लिखे, हाई क्लास के नहीं थे। उन्होंने लिखा कि वे कुम्हार जाति के व्यक्ति थे, जो आज की तारीख में ओबीसी में आते हैं। यह दर्शाता है कि जो हमारा advance source of knowledge था, हम कहीं न कहीं, किसी न किसी कारण से उसे पीछे छोड़ते चले गए।

[डा. सुधांशु त्रिवेदी]

महोदय, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आयुर्वेद कोई separate subject नहीं था, जिसको वे मेडिसिन साइंस से रिलेट करते हैं। जैसे हमारे यहां Zoology, बॉटनी, केमिस्ट्री एक sequence है, फ़िजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथ्स, एक सब्जेक्ट का ग्रुप है, वैसे ही तीन सब्जेक्ट्स के ग्रुप में से एक आयुर्वेद था, जो बड़ा व्यवस्थित branch of knowledge था, वह था कृषि, पाक-शास्त्र और आयुर्वेद। कृषि means how to grow, पाक-शास्त्र means how to cook and आयुर्वेद means how to get the medicinal value. उन सारी values को हम अच्छी तरीके से समझें और यदि हम उन चीज़ों को समझ पाएं तो आज हमें एक और चीज़ में बहुत लाभ मिलेगा, यह जो structured mechanism सरकार लायी है। आज intellectual property को लेकर बहुत सारे विवाद हैं, यदि आयुर्वेद के ग्रन्थ हमारे प्रभावी स्थिति में थे, उन्होंने हमें नीम के पेटेन्ट से, हल्दी के पेटेन्ट से, तुलसी के patent से मदद की, किन्तु आज तक भारत सिर्फ प्रतिक्रियात्मक रहा कि जब दूसरे ने patent कराया, तब हम जाकर खड़े हुए और कहा कि यह हमारा है। यदि यह जो प्रभावी mechanism सरकार ने बनाया है, इसके द्वारा हम अब pro-active होकर कह सकते हैं कि ये सारे पेटेन्ट्स हमारे हैं तो trade-related intellectual property में भी आप समझ लीजिए कि इसका एक हमें बहुत अच्छा लाभ फ्यूचर में मिलने वाला है।

अंत में मैं यह कहना चाहूंगा कि बहुत सी देसी दवाएं हैं, जिनकी तरफ यदि हम ध्यान दें, यदि हम केवल उनका साइंटिफ़िक नाम पढ़ लें तो हमें बहुत कुछ आसानी से समझ में आ जाता है, जैसे हृदय के लिए अर्जुन का पेड़ होता है। आपने अर्जुनारिष्ट और अर्जुनासव सुना होगा। यदि आपने केवल उसकी बोतल देखी हो तो उसकी बोतल पर उसका साइंटिफ़िक नाम Terminalia Arjuna लिखा है। वह heart के लिए proven है and the name is Terminalia Arjuna. यह अपने आप में इस बात को दर्शाता है कि जो हम कह रहे थे... अब छोटी सी बात यह कि कॉमन भाषा में तुलसी के लिए Holy Basil शब्द प्रयोग होता है, holy शब्द तो अंग्रेज़ी ने दिया है, हमने नहीं दिया है, फिर भी कहीं न कहीं यह स्वीकारोक्ति है कि इसके अंदर कुछ महत्वपूर्ण चीज़ है। उदाहरण के लिए जिन-जिन वनस्पतियों को हमारे यहां स्वास्थ्य की दृष्टि से और पूजा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना गया, जैसे पीपल का वृक्ष है। पीपल के वृक्ष को holy fig कहते हैं, मगर उसका साइंटिफ़िक नाम Ficus Religiosa है। महोदय, उसमें religion है। वह उसमें Ficus Religiosa बता रहा है यानी ये मान रहे हैं कि यह धार्मिक दृष्टि से पवित्र माना जाने वाला जो पड़े है, इसके अंदर बहुत सारे medicinal गुण हैं। अंत में मैं सिर्फ यह कहना चाहूंगा कि देखिए इसमें गर्व करने की आवश्यकता है, सिर्फ इसीलिए नहीं कि यह आयु का विज्ञान है, कल विनय पी. सहस्रबुद्धे जी ने जब इस विषय पर अपनी बात रखी थी तो उन्होंने एक बात कही थी कि गर्व से कहो कि हम हैं, वह किसी दूसरी चीज़ के लिए कहा था, आप वह मत

कहिए, क्योंकि जब कहा जाए कि गर्व से कहो हिन्दू हैं, वह ठीक नहीं लगता, इसलिए गर्व से कहो हम हैं। मगर मैं कहना चाहूंगा कि आयुर्वेद अथर्ववेद का हिस्सा है and Veda is a religious text. Nowhere in the world can you find medical science as part of religious text. Nowhere can you find mathematics as part of religious text. इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि यह जो हमारा ज्ञान है, यह सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, गरीबों के लिए ही नहीं, बल्कि सबसे advanced level पर जो लोग बैठे हैं, उनके लिए भी उतना ही प्रभावी है और यह पूरे विश्व को आगे ले जाने की क्षमता रखता है। जो Australian College of Surgeons हैं, उन्होंने Sushruta को सर्जरी का जनक माना है Melbourne में, अमेरिका में क्या माना जा रहा है, वह सबको पता है। मैं यह पंक्ति कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा, जो अटल जी ने कहा था,

"मेरे वेदों का ज्ञान अमर, मेरे वेदों की ज्योति प्रखर।
मानव के मन का अंधकार, क्या कभी सामने सका ठहर?
मेरा स्वर नभ में घहर-घहर, सागर के जल में छहर-छहर।
इस कोने से उस कोने तक, कर सकता जगती सौरभमय।"

आगे मैं विनम्रता के साथ कहूंगा कि

"हिन्दू तन-मन, हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय!"

महोदय, यही जीवनशैली है, धन्यवाद।

SHRI OSCAR FERNANDES (Karnataka): Mr. Vice-Chairman, Sir, I stand in support of these Bills. However, I have received a number of representations from people in the field of Naturopathy and Yoga saying that they have been left out from the purview of the National Commission for Indian System of Medicine Bill, 2019. Ram Gopalji had mentioned that the Standing Committee on Health and Family Welfare recommended that Naturopathy and Yoga also be included in this Bill. I would like to urge the hon. Minister either to amend this Bill or give an assurance to this House that he would bring a separate legislation to cover Yoga and Naturopathy.

We are aware that in a number of States — as many as fifteen States — more than 40 institutions are teaching Yoga and Naturopathy. Now, we are talking of reaching out to every citizen in this country to provide him medical care. Our own Indian System of Medicine will provide a lot of relief even before going to a doctor. As a village boy — I had been a farmer — working in a village, I had an opportunity to look at various herbs. My esteemed friend, Mr. Jairam Ramesh, pulls my leg when I talk of *gomutra*. I had been to an ashram near Meerut and it was late in the night

3.00 P.M.

[Shri Oscar Fernandes]

when I reached there. I talked to swamiji there. And, I had to reach back to Meerut and I did not know the route. So, swamyji was kind enough to lend his driver to show me the path. As I was discussing with the driver, I asked him, 'Why are you here?' He said, 'Sir, I had cancer. I was suffering from serious cancer. There was no treatment which could cure me. Ultimately, I came to this ashram. In this ashram, I got relief from *gomutra* and my cancer was cured. And, I have decided to serve this ashram for the rest of my life and will not take up any job, because this ashram has given me a new lease of life.'

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र): सर, मेरे ध्यान में एक बात आई है कि Standing Committee ने जो suggestions दिए थे, उनके ऊपर ध्यान न देने का क्या कारण है? यह पहली बात है। हम लोगों को उसके बारे में मालूम होना चाहिए, ऐसा मुझे लगता है। दूसरी बात यह है कि नीति आयोग ने भी यह बात कही थी और उन्होंने ड्राफ्ट भी दिया था, उसको भी आपने साइड में रखा हुआ है। तीसरी बात ऐसी है कि कैबिनेट ने भी कुछ suggestions दिए थे और प्रेस नोट भी आया था। उन्होंने कुछ amendments का सुझाव दिया हुआ है। आप उन्हें करने वाले हैं कि नहीं, यह मुझे मालूम नहीं है। अगर यह सारा मामला है, तो मुझे ऐसा लगता है कि यह आप Select Committee को दोनों बिल देंगे, तो और अच्छा होगा और इसके ऊपर विचार होना बहुत जरूरी है, ऐसा मुझे लगता है।

महोदय, यह बिल लोक सभा में introduce किया गया था। उसके बाद Standing Committee में भेजा गया था। कैबिनेट ने कुछ amendments के सुझाव दिए थे, उसका क्या हुआ? उसके बारे में मालूम नहीं है। एक तो Medical Pluralism की बात करते हैं, लेकिन पूरी तरह से बिल में integrated practice के बारे में संदेह निर्माण हो रहा है। सर, मैं महाराष्ट्र से आता हूं। वहां होम्योपैथी के 80,000 डॉक्टर्स हैं। यह संख्या इतनी बड़ी है और मेरे ख्याल से महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा है। उनको इसमें इन्टिग्रेटेड डालना चाहिए, वह नहीं डाला गया है। आप यहां पर यह नहीं करेंगे, तो महाराष्ट्र में इसका क्या होगा? होम्योपैथी के बारे में जो बिल है, वह जो क्लॉज़ 52 है, उसमें amendment करके, उसमें इन्टिग्रेटेड प्रैक्टिसिज़ के बारे में बात करना बहुत जरूरी है, ऐसा मुझे लगता है। मैं कुछ बातें आपके सामने रखना चाहता हूं। एक तो नीति आयोग ने आपको इस संबंध में कहा था। नेशनल कमीशन

[श्री हुसैन दलवई]

फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के बारे में जो ड्राफ्ट किया गया था, उस वक्त यह कहा गया था। यह फरवरी, 2017 का ड्राफ्ट था। उन्होंने यह कहा था कि Yoga and Naturopathy regulation with separate Board for Yoga and Naturopathy, उन्होंने सेपरेट बोर्ड की बात की है। वह इसमें कहीं भी नहीं आता है। वह इसमें क्यों नहीं आता है? एक तरफ हमारे प्रधान मंत्री की बात बार-बार की गई है कि प्रधान मंत्री ने योग के लिए बड़े पैमाने पर बात कही है और योग पूरी दुनिया में गया है। इसे मैं नहीं मानता हूं क्योंकि दुनिया में योग पहले ही गया था। उसका advertisement प्रधान मंत्री जी ने बहुत तरीके से किया है। यह बहुत अच्छी बात है। इसमें कोई doubt नहीं है कि योग से बहुत फायदा होता है।...(**समय की घंटी**)... सर, क्या मेरा समय पूरा हो गया है? मैंने तो अभी बोलना शुरू किया है। यह मुझे नहीं मालूम है कि आप इसे क्यों टाल रहे हैं?

दूसरा, आयुष, योग, नेचुरोपैथी के बारे में कई लोगों ने रिप्रेजेंटेशन दिए हैं, उन पर आपने कोई दखल नहीं दिया है, मुझे लगता है कि यह ठीक बात नहीं है। Central regulation by the statutory cover means, जो quack डॉक्टर्स होते हैं, अगर आप इसमें statutory cover नहीं लाएंगे, तो इससे quack डॉक्टर बनेंगे। कई ऐसा बोलते हैं कि जिनको बच्चे नहीं होते हैं, उनको बच्चे कैसे होंगे, यह मैं देखता हूं। इस तरह के advertisement होते हैं। जब हम उत्तर भारत में घूमते हैं, तो हर दीवार के ऊपर लिखा हुआ होता है कि बवासीर होगी, तो ऐसा करो, वैसा करो और हमें मिलो। ऐसी चीज़ें खत्म होनी चाहिए। इसलिए मेरे ख्याल से उसका रेग्युलेशन होना बहुत जरूरी है। Yoga and Naturopathy have been an integral component of Indian system of medicine since 1970 in the Indian Government and in several States. The Central Council for Research in Yoga and Naturopathy which was earlier under the Ministry of Health and Family Welfare and now, it is under the Ministry of AYUSH, has been in existence since the year 1979. यह अभी की बात है, ऐसा मत समझिए। यह जो ज़ाहिर किया जाता है, ऐसा लगता है कि यह देश 2014 से चालू हुआ है। 2014 में हमने अंग्रेजों को यहां से निकाला और उन्होंने इनके हाथ में सौंप दिया, जो अंग्रेजों के बारे में हमेशा अच्छा बोलते थे, इसलिए उन्होंने इनके हाथ में सौंप दिया और यह सब कर रहे हैं। आप इसे जरा बंद कीजिए, यह पहले से हो रहा था।

मैं कुछ सजेशन दूंगा।...(**समय की घंटी**)... आप नेचुरोपैथी, योग और सिद्ध का एक बोर्ड बनाइए। मुझे लगता है कि आप इनके बारे में बहुत गड़बड़ी कर रहे हैं। मैं आपसे रिक्वेस्ट करूंगा कि इसे सेलेक्ट कमेटी में जाने दो और उसकी चर्चा होने दो। हम बिल्कुल इसके समर्थन में हैं। इसका विरोध करने का कोई सवाल नहीं है, लेकिन एक बात जो बार-बार

इन्होंने कही, वह सबसे महत्व की बात है। इन सारी बातों पर रिसर्च होने की बहुत जरूरत है, वरना ऐसा ही होता रहेगा कि यह ऐसा मूत्र, वैसा मूत्र है, इसको इस्तेमाल करो। इससे लोग गलत फायदा भी उठाते रहते हैं। ऐसा मत करो, अगर उसमें से कुछ अच्छा है, तो जरूर ले लो। मैं उसका विरोध नहीं करूंगा, लेकिन बिना रिसर्च ऐसा करना बिल्कुल गलत है, ऐसा मुझे लगता है। बिना रिसर्च आजकल जो प्रचार चालू है, मुझे whatsapp पर आता है, लोग गाय के पीछे दौड़ते रहते हैं। मुझे लगता है कि यह गलत बात है। आप प्रचार करिए कि ऐसा मत करो। कोरोना के बारे में भी यह बोला जाता है कि ऐसा करेंगे, तो कोरोना नहीं होगा, वैसा करेंगे, तो कोरोना नहीं होगा, यह बिल्कुल गलत बात है, ऐसा मुझे लगता है। कुछ बातें ऐसी हैं, जो हमारे समाज में पहले से ही चल रही हैं। एक तो मैं आयुर्वेद के बारे में कहूंगा कि इसमें बहुत सी चीज़ें मिल जाती हैं जबकि कुछ चीज़ें एलोपैथी में नहीं मिलती हैं, यह मेरा तजुर्बा है। होम्योपैथी के बारे में भी आप क्लॉज़ 52 में integration की बात रखिए। मैंने आपको अमेंडमेंट दिया है, आप उसको करिए। उसके बाद बिल को पास करिए, नहीं तो इस बिल को सेलेक्ट कमेटी के पास भेजिए, ऐसी मेरी रिक्वेस्ट है, धन्यवाद।

डा. विकास महात्मे (महाराष्ट्र): सर, यह जो इंडियन मेडिसिन सेंट्रल काउंसिल ऐक्ट, 1970 है, इसका मेंडेट यह था कि इसमें शिक्षा का स्तर पूरे भारत वर्ष में एक हो और जो भी वैद्य या प्रेक्टिशनर डॉक्टर्स हैं, उनका रजिस्ट्रेशन होना चाहिए, उनका स्तर भी एक होना चाहिए, लेकिन इस ऐक्ट के जरिए से ये दोनों बातें हो नहीं पाई हैं। यही बात होम्योपैथी के बारे में भी है। होम्योपैथी सेंट्रल काउंसिल ऐक्ट, 1973 आया था, उससे भी अपेक्षा थी कि ये दोनों बातें पूरी होंगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इसके पहले भी इस तरह की कोशिश 2005 और 2010 में हुई थी, लेकिन उस वक्त पोलिटिकल विल इतनी मजबूत नहीं थी, उनकी इसको करने की इच्छा थी, परन्तु ऐसा हुआ नहीं। उस वक्त आयुर्वेद की तरफ इतना ध्यान नहीं दिया गया था। मैं माननीय मंत्री श्री श्रीपाद यसो नाईक को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने इस काम को किया है।

दूसरी बात यह है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन को सुधारने के लिए जो यह बिल आया है, यह इस बात का सबूत है कि मोदी सरकार एक proactively काम करने वाली सरकार है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं स्टैंडिंग कमेटी में भी था, जहां पर प्रो. राम गोपाल यादव जी की अध्यक्षता में पूरा काम हुआ। मुझे ऐसा लगता है कि आयुर्वेद में बड़ा potential है और आयुर्वेद का होना जरूरी है। इसके बारे में, मैं अपना एक अनुभव बताना चाहूंगा। मैं एक ट्रायबल एरिया में camp के लिए गया था। वहां पर एक 30-35 लोगों की टोली थी और वह बहुत दूर-दराज का एरिया था। मैंने उन लोगों से पूछा कि तबियत ठीक रहने के लिए आप लोग क्या करते हो? वे लोग बोले कि हमारे यहां एक वैद्य है, वह वैद्य हमारी तबियत

[डा. विकास महात्मे]

ठीक रहे, इसके बारे में बताते रहते हैं। मैं एलोपैथी का डॉक्टर हूं, इसलिए मैंने जानना चाहा कि वह वैद्य कमाता कैसे है, उसको पैसे कैसे मिलते हैं? उसको आप लोग क्या देते हैं? इस पर वे बोले कि हम सभी मिलकर उसको अनाज देते हैं, पूरे साल में जो भी अनाज लगता है, वह हम लोग देते हैं। मैंने कहा कि यह बात तो सही है कि आप उसको साल भर का अनाज देंगे, लेकिन जब कोई बीमार पड़ता है, तब आप उसको एडिशन में और क्या देते हैं? उन्होंने बताया कि जब किसी को बीमारी होती है, तो उस घर से उसको अनाज नहीं मिलेगा, यानी ट्रीटमेंट इसलिए है कि सभी हेल्दी स्वस्थ रहें। यहां पर आयुर्वेद का जो मकसद है, वह एलोपैथी से बहुत अलग है। यह एक लाइफस्टाइल है जिससे कि हम बीमार न हों, इसके ऊपर फोकस किया जाता है और इसीलिए यह बहुत जरूरी है कि आयुर्वेद को समझना है और उसे आगे बढ़ाना है। इस बिल के जरिए से हम आयुर्वेद को आगे बढ़ा पाएंगे, ताकि हम सभी हेल्दी रहें। जैसे अभी वेलनेस सेंटर्स बनाए हैं, वे इसलिए बनाए हैं, ताकि हम सब हमेशा आरोग्यमय रहें। आयुर्वेद आगे बढ़ना चाहिए, यह बहुत जरूरी है।

दूसरी बात यह है कि कई बार हमें लगता है कि modern medicine या एलोपैथी में कैमिकल फैक्टरी से बनकर दवाइयां आती हैं, वैसा नहीं है। आप यदि कहेंगे कि chloroquine जिसको मलेरिया के लिए हम हमेशा यूज़ कर रहे हैं, उस chloroquine को सबसे पहले ट्रायबल ने देखा। ट्रायबल लोगों को जब भी बीमारी होती है या बहुत बुखार आता है, तो वे एक पेड़ की टहनी या स्टेम को यूज़ करते हैं। बाद में इस पर रिसर्च हुई और रिसर्च के बाद में पता चला कि उसमें quinine है और quinine की टैबलेट बनने लग गई और उससे मलेरिया ठीक होने लग गया। महोदय, फिर Quinine से Chloroquine निकला, क्योंकि Quinine के बहुत disadvantages थे। मेरे कहने का मतलब यह है कि basic drug पेड़-पौधों से निकलती है और बाद में उस पर research की जाती है। यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि पहले उससे Quinine निकली। Research के बाद Chloroquine बना। वैसे ही आज जिसे हम वियाग्रा कहते हैं, वह भी पौधे से ही बनाया गया है। पहले वह पौधे से पाया गया और फिर बाद में आजकल फैक्ट्री में बनाया जा रहा है। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि आयुर्वेद में बहुत potential है, लेकिन potential है, इसका मतलब यह नहीं है कि लोग उसे अपनाएंगे। यह तब तक नहीं होगा जब तक कि हम लोगों को उसके बारे में सबूत देकर नहीं बताएंगे और इसके लिए ही रिसर्च की बहुत आवश्यकता है।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद दूंगा, क्योंकि उन्होंने प्रिएम्बल में ही लिखा है कि रिसर्च के लिए यह बिल बहुत उपयोगी होगा और आगे चलकर यह बहुत फायदेमंद साबित होगा। मुझे अभी उसमें रिसर्च के बारे में बहुत कन्फ्यूज़न हो रहा है। मेरे मन में सवाल उठता है कि क्या मेरा अनुभव ही evidence या सबूत है? उदाहरण के तौर

पर मैं बताना चाहूंगा कि कुछ साल पहले माहीम में एक दरगाह है और उसके पीछे एक creek है। वहां समुद्र का पानी आता है। वहां ऐसा हुआ कि मीठा पानी निकलने लगा। जब लोगों को पता लगा कि वहां मीठा पानी निकल रहा है, तो लोगों को बहुत आश्चर्य हुआ कि समुद्र में खारे पानी के बजाय मीठा पानी निकल रहा है। वे इसे चमत्कार मानने लगे। लोगों ने उसे पिया, तो उनकी बीमारियां दूर होने लगीं। चूंकि वह स्थान दरगाह के पीछे था, तो वहां बहुत लोग गए और उन्होंने वह पानी पिया, तो ठीक हो गए। इसलिए वहां बहुत लोग जाने लग गए। यह एक नहीं, दो नहीं, 100 नहीं, बल्कि हजारों लोगों ने यही कहा और यह सिलसिला सात दिनों तक चला। मैं यह real बात कह रहा हूं। बाद में उस पानी के बारे में रिपोर्ट आई कि आसपास की केमिकल फैक्ट्रियों से कुछ केमिकल्स के लीकेजेज़ हो रहे थे, इसलिए पानी में मीठापन आ रहा था। सबका अनुभव यह है कि उस पानी को पीने से बीमारियां दूर हुईं, यह उनका अनुभव है, लेकिन chemicals की वजह से पानी मीठा हुआ यह सबूत या evidence है, जो बाद में आया, Research के कारण आया।

महोदय, मैं शेफर्ड कम्युनिटी से हूं। हमारे यहां लोग भेड़ और बकरियां पालते हैं और उन्हें लेकर हम घूमते हैं। आमवस के दिन एक जगह पर हमारे लोग हजारों की संख्या में इकट्ठे होते हैं और वे भेड़ के कान में कुछ बोलते हैं। जैसा वे कान में बोलते हैं, वैसा ही होता है और बीमारी दूर होती है, ऐसा उनका मानना है क्योंकि यह उनका अनुभव है। जब मैंने उनसे यह कहा कि यह आपकी अंध-श्रद्धा है, तो वे बोले कि यह हम सब का अनुभव है। आप मुझसे नहीं, बल्कि 100 लोगों से पूछ लीजिए, उनकी बीमारी ठीक हुई है। मैं बोला कि ऐसा नहीं होता है, लेकिन वे बोले की आप यदि पार्लियामेंट में बोलते हैं, तो आपका वह अनुभव सही है, लेकिन मैं कॉमन मैन हूं, मैं सर्वसाधारण हूं, इसलिए मेरा अनुभव गलत है, आप यह कैसे कह सकते हैं और यह आपका कैसा सिद्धान्त है? इसलिए हमें यह समझना पड़ेगा कि हम केवल अनुभव से यह नहीं बोल सकते कि यह सही है, या यही सत्य है। बल्कि उसके लिए supporting evidence चाहिए। Evidence, यानी क्या? मैं यह कहता हूं कि यह दवा मैंने ली और मेरा बुखार कम हुआ, इसका मतलब ऐसा नहीं कि उस दवा को आप सबको बांट सकते हैं और यह भी नहीं कह सकते कि यह बुखार के लिए अच्छी दवा है जब तक इसका कोई सबूत न हो। इसलिए आजकल जो हो रहा है, उसे समझना बहुत जरूरी है और उसी प्रकार से जैसे श्री जयराम रमेश जी ने कहा कि इसके लिए आपको मॉडर्न साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूज़ करनी पड़ेगी, वैसे ही डबल ब्लाइंड रिसर्च स्टडी है।

महोदय, जैसा अभी डा. अमर पटनायक जी ने बताया था कि randomized control trial है। मैं बताना चाहता हूं कि डबल ब्लाइंड में क्या होता है। यदि मैं कहूं कि इस दवा से बुखार कम होता है, तो उसकी टेबलेट बनाई जाएगी और बुखार वाले 1,000 लोगों को यह टेबलेट दी जाएगी और वैसी ही 1,000 टेबलेट्स उसी रंग की, लेकिन उसमें अंदर

[डा. विकास महात्मे]

दवा नहीं होगी, वह फिर अन्य 1,000 लोगों को दी जाएगी। जो ट्रीटमेंट दे रहा है तथा जो टेम्परेचर नाप रहा है, उन दोनों को पता नहीं होता है कि कौन सी गोली में क्या है। फिर बाद में तय होता है कि सचमुच में उस दवा से किसे कितना फायदा हुआ। मान लीजिए कि एक गोली से 1,000 लोगों में से 100 लोगों का बुखार कम हुआ और दूसरी गोली से भी 100 लोगों का बुखार कम हुआ, तो समझ में आता है कि इस दवा से कोई असर नहीं हुआ, जिन लोगों का बुखार कम हुआ, वह अपने आप कम हुआ, उसमें दवा का कोई रोल नहीं था। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि इस प्रकार से स्टडी जब तक नहीं होगी, तब तक हम नहीं कह पाएंगे कि फलानी दवा से 10,000 लोगों को आराम हुआ, इसलिए वह दवा सही है। नहीं तो हमारे shepherds का जो अनुभव है, वैसा ही हमारा अनुभव रहेगा। मुझे पता है कि यूनानी और आयुर्वेद पद्धति में बहुत पोटेंशियल है, लेकिन उस पोटेंशियल को यदि यूज़ में लाना है, तो हमें साइंस का evidence based, not experience based निर्णय बताना पड़ेगा और जब तक हम उस तक नहीं पहुंचते हैं, तब तक यह सही नहीं होगा। Experience (अनुभव) और Evidence (सबूत) — इन दोनों में जो अंतर है उसे समझना होगा और research के माध्यम से उन्हें जोड़ना होगा। योग के लिए मुझे ऐसा लगता है कि योग बहुत important है और लोगों ने इसको इसलिए भी accept किया है कि उसमें पूरी तरह से रिसर्च हुई है। उसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मोदी जी ने स्वयं लीडरशिप लेकर, योग दिन की शुरुआत विश्वभर में की। इसीलिए यह योग सब तरफ पहुंच रहा है और सभी को उसका फायदा हो रहा है। जैसे yoga part of ayurveda है, वैसे ही आयुर्वेदिक, यूनानी, सिद्धा और बाकी और जो भी हैं, होम्योपैथी है, यदि हम इनका साइंटिफिक बेसिस पर एविडेंस बेस्ड प्रमोशन करेंगे, तो ये लोगों में, पूरे देश में, पूरे विश्व में अच्छी तरीके से पहुंच सकती हैं। अगर ऐसा होगा, तो उसका क्रेडिट भी हमें मिल सकता है और हमारी वजह से "सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया:" हो जाएगा। मेरा यह कहना है कि ऐसा करने से सभी लोग निरामय हो जाएंगे। इसलिए मैं ऑनरेबल मिनिस्टर साहब को धन्यवाद देना चाहूंगा कि वे ये बिल लेकर आए हैं। इसमें स्टेट के लिए कहा गया था...**(समय की घंटी)**,,, लेकिन उसमें एक एडवाइज़री कमेटी है, जिसमें सभी स्टेट्स का representation है, इसलिए मुझे लगता है कि जैसे इसमें स्टेट्स का representation और डॉक्टर्स का भी representation है, वैसे ही एडमिनिस्ट्रेटर शब्द डालकर फिज़िशियन.. महोदय, आपने मुझे यहां बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR (Andhra Pradesh): Sir, in the Statement of Objects and Reasons of this Bill, — the earlier Indian Medicine Central Council (IMCC) Act, 1970 has not served the purpose — it is said, “to streamline

the functioning of Central Council of Indian Medicine and to bring transparency mechanism for grant of permission of medical institutions and improve the standards of medical education." Now, the present enactment will serve the purpose or not, I don't know, but I support the Bill. I wanted to submit to the Minister a few suggestions with regard to this enactment. Previously, it was referred to the Department-related Standing Committee which examined it. It recommended 32 suggestions, out of which only 15 were accepted. The important aspect is, Yoga and Naturopathy have been given discriminatory treatment in this Bill. The Minister has to take care of it. Another thing is, one Member from Lok Sabha and one Member from Rajya Sabha are to be considered while constituting the National Commission. That recommendation is also important. That has to be considered. In fact, the Medical Council is a professional body. Proportional representation has not been given in the National Commission. Only six members have been given. Being a professional body, it requires more number of representation in the National Commission. Likewise, medical treatment is a State subject. The States must be given proper representation. It has been given in the Bill. Now it is required to constitute a Commission by giving appropriate representation to the States. As far as the appellate body is concerned, it is a quasi judicial body, but it requires independent powers, but the Bill does not provide such independent power as far as appellate body is concerned.

The Indian system of medicine has to be re-oriented at the present stage. ...*(Time-bellrings)*... The post-graduate diploma in clinical cardiology course has been conducted by the Indira Gandhi National Open University between 2006-2013. There are 1,700 graduates, but no recognition was given. They have approached the Delhi High Court. The Delhi High Court categorically directed the Central Government to consider it afresh on the ground that before commencing the course, the IGNOU had not obtained prior permission under Section 10A. Accordingly, the decision is not sustained and quashed. Recognition has to be given. Despite the directions of the hon. High Court of Delhi, it was not considered by the Ministry. I request the hon. Minister to consider it, to give recognition to PGDCC. There are 1700 cardiologist graduates. It has to be considered. Ultimately, my senior colleague, Shri Jairam Ramesh, has suggested that it requires an integrated medical education system. I support the same. Unless that system is introduced, the purpose and the objects of the Bill may not be fulfilled. Thank you, Sir.

डा. अशोक बाजपेयी (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, भारतीय आयुर्विज्ञान प्रणाली आयोग, 2019 और होम्योपैथिक आयोग, 2019, ये दो महत्वपूर्ण विधेयक आज सदन के समक्ष प्रस्तुत हैं। मैं समझता हूं कि इन दोनों विधेयकों के पारित होने के बाद देश की शिक्षा पद्धति में बहुत आमूलचूल सुधार होगा, क्योंकि इनमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मान्यवर, पूरे देश की आयुर्वेदिक शिक्षा को एक सूत्र में पिरोने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा होगी और इसके साथ ही साथ faculty members का selection भी राष्ट्रीय स्तर पर होगा तथा राष्ट्रीय मानक के अनुरूप होगा। इस आयोग के अंतर्गत चार बोर्डों का गठन होगा, जो स्वायत्त रूप से अपना-अपना काम करेंगे। मैं समझता हूं कि इन विधेयकों के पारित होने के बाद निश्चित रूप से इनको प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा और इनसे हमारी जो भारतीय चिकित्सा पद्धति है, उसमें आमूलचूल परिवर्तन होने की संभावना है।

मान्यवर, मुझे एक पीड़ा है। हमारे तमाम माननीय सदस्यों ने विस्तार से इस पर चर्चा की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, लेकिन आयुर्वेद के लिए जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, जिससे आयुर्वेद परिणामपरक हो, आयुर्वेद का इलाज परिणामपरक हो, उसके लिए यह आवश्यक है कि हमारी जो आयुर्वेदिक दवाएं हैं, वे उस उन्नत कोटि की हों, जिसके नतीजे लोगों को दिखाई पड़ें, लोगों को अनुभव हों, जिससे उनकी प्रमाणिकता बढ़े। वैदिक काल से लेकर जो आयुर्वेदिक दवाएं थीं, उनको बनाने के अलग तरीके होते थे और वे दवाएं विधि-विधान के साथ बनती थीं, लेकिन आज वे आयुर्वेदिक दवाएं बड़े पैमाने पर फैक्टरियों में बनती हैं, इसलिए उनके वे परिणाम नहीं आते। मान्यवर, आयुर्वेद में रस, रसायन, कल्प, भस्म, इस तरह की चीजें तमाम प्रयास के बाद, शिद्दत के बाद, वैद्य लोग कई दिनों तक प्रयास के बाद भस्म इत्यादि तैयार करते थे और जिस मर्ज़ के लिए जो दवा होती थी, उसके प्रभावकारी परिणाम आते थे, लेकिन आज इस वैज्ञानिक युग में सारी चीजें बड़ी-बड़ी फैक्टरियों में बन रही हैं, packaging हो रही है, बहुत अच्छे टैबलेट्स बन कर आ रहे हैं, लेकिन वे परिणाम नहीं आते हैं। मैं समझता हूं कि जो भारतीय चिकित्सा पद्धति है, उसमें आयुर्वेद को इस देश में ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यकता है कि हम अपनी आयुर्वेदिक फार्मेसीज़ को सुदृढ़ करें, आयुर्वेदिक फार्मेसीज़ की quality को improve करें, वहां पर बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता निर्धारित करने के लिए कठोर मानक बनाए जाएं और वे ही दवाएं मार्केट में आएं और लोगों तक, मरीजों तक पहुंचें। इसके लिए हमारी जो पौराणिक व्यवस्था थी, चाहे सुश्रुत संहिता हो, चाहे चरक संहिता हो, उनमें देवाओं के बनाने का जो तरीका है, उस तरीके से दवाएं बननी चाहिए। हमारा पूरा आयुर्वेदिक विज्ञान प्रकृति से जुड़ा हुआ है, हम प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से दवाएं तैयार करते हैं। आज भी यह मान्यता है कि अर्जुन का जो पेड़ होता है, उसकी छाल से जो टैबलेट बनती है, वह हृदय रोगों के लिए बहुत उपयोगी होती है। नीम के पेड़ की पत्तियां निश्चित रूप से एंटीबॉयोटिक के रूप में काम करती हैं। ऐसी बहुत सी दवाएं हैं, जो हम प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से तैयार करते हैं।

लेकिन उन जड़ी-बूटियों की खोज, उन पर शोध, अध्ययन और उसके अनुरूप उन दवाओं को तैयार करना, रसायन तैयार करना, यह एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जहां आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को या भारतीय चिकित्सा पद्धति को आपने इस विधेयक के माध्यम से एक मजबूत आधार दिया है, उससे राष्ट्रीय स्तर पर निश्चित रूप से योग्य चिकित्सक निकल कर आएंगे, जो अच्छे चिकित्सक होंगे, राष्ट्रीय मानक के अनुरूप होंगे तथा शोध और अनुसंधान का काम भी होगा। अज सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हमारी देवाओं के बनाने में जो शोध और अनुसंधान का कार्य करने के लिए हमारी जो फार्मेसीज़ हैं, उन पर ध्यान दिया जाए। आज जो सबसे बड़ी चिंता है कि आयुर्वेदिक दवाओं का परिणाम उतना अच्छा नहीं मिलता, उसका कारण है कि आयुर्वेदिक दवाओं के बनाने में जो प्रक्रिया अपनाई जाती है, उसमें शिथिलता बरती जाती है। औद्योगिक ढंग से नहीं, बल्कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के अंदर आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने की जो प्रक्रिया हमारे ऋषियों, मनीषियों ने निर्धारित की थी, हमारे पुराने वैद्यों ने जिस ढंग से उनको बनाया था, तभी वे दवाएं लाभकारी हुआ करती थीं। मैं समझता हूं कि पूरी दुनिया में भारतीय चिकित्सा पद्धति की ख्याति पहुंचाने के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है कि अच्छे चिकित्सक हों, तो बहुत अच्छी बात है, लेकिन जब तक अच्छी दवाएं नहीं होंगी, तब तक उन दवाओं से लोगों को, मरीजों को लाभ नहीं होगा। जब तक मरीजों को लाभ नहीं होगा, तब तक उस दवा की या उस चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता नहीं होगी। हमें इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा और मैं उनको बधाई दूंगा कि वे जो दोनों विधेयक लाए हैं, ये भारतीय चिकित्सा पद्धति में निश्चित रूप से मील के पत्थर साबित होंगे और इनसे देश की चाहे आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति हो, चाहे यूनानी हो, चाहे सिद्ध हो, चाहे होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति हो, इनमें बहुत सुधार होगा। लेकिन हमें इसके साथ ही आयुर्वेदिक दवाओं, यूनानी दवाओं और होम्योपैथिक दवाओं की गुणवत्ता के ऊपर भी विशेष ध्यान देना होगा। जब तक हम गुणवत्तापरक दवाएं नहीं बनाएंगे, तब तक हमको उनके व्यापक परिणाम नहीं मिलेंगे और जब तक व्यापक परिणाम नहीं मिलेंगे, तब तक हमारी चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता नहीं होगी। भारतीय चिकित्सा पद्धति अपने में पूर्ण है और उसमें जटिल से जटिल रोगों का इलाज है। जिस बीमारी में एलोपैथिक चिकित्सक ना कर देते हैं, उन रोगों का इलाज आयुर्वेदिक चिकित्सा के अंतर्गत होता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि ये दोनों बहुत ही शानदार विधेयक आप लेकर आए हैं, लेकिन हमें आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण के लिए भी उतनी ही प्राथमिकता के साथ प्रयास करना होगा, ताकि हम उत्कृष्ट कोटि की आयुर्वेदिक दवाएं बना सकें, जो लाभकारी हों, परिणामकारी हों। इससे हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता बढ़ेगी। आपने मुझे इस बिल पर बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद यसो नाईक): सबसे पहले मैं सभी माननीय सदस्यों का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं कि आप सभी ने 'राष्ट्रीय भारतीय आयुर्विज्ञान प्रणाली आयोग विधेयक, 2019' और 'राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग विधेयक, 2019' को समर्थन दिया और आप सभी माननीय सदस्यों का हमें सपोर्ट मिला। मुझे लगता है कि इससे आगे आने वाले समय में भी इसी तरह काम करने के हमारे हौसले और भी बढ़ जाएंगे। जो-जो भी माननीय सदस्य यहां बोले, उन सभी ने कई suggestions दिए और ज्यादा से ज्यादा सदस्यों ने इस बिल को समर्थन दिया है।

महोदय, आयुष मंत्रालय की दो Councils थीं, 'Central Council of Indian Systems of Medicine' and 'Central Council of Homoeopathy. 1970 में एक अधिनियम बना था और 1973 में Homeopathy Council बनी थी। इन दोनों चिकित्सा पद्धतियों का समग्र विकास और इनकी शिक्षा संबंधी जो काम थे, उनको ये दोनों ही Councils देख रही थीं। उक्त अधिनियम में 'भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्' संबंधी जो समयानुसार परिवर्तन किए जाने चाहिए थे, वे नहीं हुए, जिसके कारण इसके तंत्र में ऐसे अवरोध पैदा हो गए, जिससे चिकित्सा शिक्षा पर गंभीर रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में अनेक व्यवधान पैदा हुए।

महोदय, इसके 50 साल के बाद जब माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी ने कार्यभार संभाला, तब Ministry of Health and Family Welfare में आयुष एक छोटा सा विभाग मात्र था, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी ने उसका एक अलग मंत्रालय बना दिया और उसके बाद निश्चित तौर से इसके काम में गति आई है।

'भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्' की कार्यप्रणाली को सुचारु बनाने, चिकित्सा संस्थाओं को अनुमति देने, तंत्र में पारदर्शिता लाने और भारतीय चिकित्सा पद्धतियों में चिकित्सा शिक्षा के मानकों में सुधार के लिए केन्द्र सरकार 'भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (संशोधन) विधेयक, 2005' को राज्य सभा में लाई थी, लेकिन किसी न किसी कारण से वह आगे बढ़ नहीं पाया। 2019 में हम 'राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग' का बिल लाए थे, लेकिन तब हमने उसे विद्ड्रॉ कर लिया था। केन्द्रीय सरकार ने वर्ष 2016 में 'भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद् अधिनियम' की समीक्षा के लिए नीति आयोग के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। उक्त समिति ने 'भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग विधेयक, 2018' को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लोक सभा में पेश करने और 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग विधेयक, 2018' की ही तर्ज पर अधिनियमित करने की सिफारिश भी की। उनकी सिफारिश के बाद ही 7 जनवरी, 2019 को 'भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग विधेयक, 2019' राज्य सभा में पेश किया गया था। उसके बाद ये दोनों विधेयक स्टैंडिंग कमेटी में पेश किए गए और स्टैंडिंग कमेटी के जो suggestions थे, उनमें से मैक्सिमम को हमने इस विधेयक में accommodate किया

है, उसके बाद ही यह बिल आपके सामने लाया गया है। ज्यादातर सभी माननीय सदस्यों ने इसके बारे में पूछा है। भारतीय चिकित्सा पद्धति की शिक्षा, चिकित्सा व्यवसाय और चिकित्सा संस्थाओं से संबंधित सभी पहलुओं के विकास और विनियमन के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग का गठन और आयोग को सलाह देने व सिफारिशें करने के लिए एक सलाहकार परिषद का गठन उसमें किया हुआ है। निम्नलिखित नामों से चार स्वायत्त बोर्डों का गठन, अर्थात् स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर स्तरों पर आयुर्वेद शिक्षा को विनियमित करने और उसके मानकों का निर्धारण करने के लिए आयुर्वेद बोर्ड बनाया हुआ है।

स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर स्तर पर यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा शिक्षा को विनियमित करने और उसके मानकों को निर्धारित करने के लिए यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा बोर्ड बनाने की सिफारिश है। चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण करने और उनका निर्धारण व मूल्यांकन करने के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति हेतु चिकित्सा निर्धारण एवं मूल्यांकन बोर्ड तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्साभ्यासियों एवं व्यावसायिकों के बीच व्यावसायिक आचरण को नियमित करने तथा चिकित्सा आचार-विचारों को बढ़ावा देने और भारतीय चिकित्सा पद्धति के सभी लाइसेंसशुदा चिकित्सकों का एक राष्ट्रीय रजिस्टर बनाए रखने के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति आचार और पंजीकरण बोर्ड भी बनाया है।

स्नातकपूर्व चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए एक समान राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा का आयोजन इसमें हैं। भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्साभ्यासी के रूप में करने के लिए लाइसेंस देने हेतु एक राष्ट्रीय एग्जिट टैस्ट का भी आयोजन किया है।

महोदय, इसके आगे भारतीय चिकित्सा पद्धति के शिक्षक के रूप में ही नियुक्ति देने के लिए भी राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन है। नई चिकित्सा संस्थाओं की स्थापना के लिए अनुमति प्रदान करने की पद्धति है। भारतीय चिकित्सा पद्धति के राष्ट्रीय रजिस्टर और राज्य रजिस्टर को बनाए रखने का तरीका भी है।

भारत में और भारत के बाहर स्थित विश्वविद्यालयों और चिकित्सा संस्थानों द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा अर्हता को मान्यता देना और मान्यता को वापस लेना या अर्हता को अमान्य करना है।

महोदय, मुझे यहां कहने में आनन्द का अनुभव होता है कि आज आयुर्वेद भारत में ही नहीं, बल्कि कई राष्ट्रों से हमारे पास डिमाण्ड आ रही है कि हमारे पास आप इस संदर्भ में रिसर्च और कोऑपरेशन में हमें एमओयू करिये, हम आपके साथ काम करने के लिए तैयार हैं। मैं कहना चाहता हूं कि कम-से-कम 14 अन्य राष्ट्रों में हमारे आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग के एमओयू बन गये हैं और कम-से-कम 10 युनिवर्सिटीज़ में हमें चेयर प्रदन किए हैं और हमारे प्रोफेसर्स वहां जाकर पढ़ा रहे हैं और कम-से-कम 28 राज्यों में 58 इंफॉर्मेशन सेन्टर्स भी बनाये गये हैं।

[श्री श्रीपाद यसो नाईक]

महोदय, मुझे यह बताने में बहुत खुशी हो रही है कि यह जो एनसीआईएम विधेयक, 2019 को राज्य सभा में माननीय सभापति जी द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग से संबंधित स्थायी समिति के समक्ष परीक्षण और रिपोर्ट के लिए भेजा गया था। राज्य सभा सचिवालय ने 27 नवम्बर, 2019 के अपने पत्र के द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की स्थायी समिति की भांति चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग विधेयक, 2019 की 115वीं रिपोर्ट की प्रति को मंत्रालय द्वारा आगे विचार करने के लिए अग्रेषित किया था। स्थायी समिति ने विधेयक पर अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की और संशोधनों और आशोधनों की सिफारिश की। मंत्रालय ने स्थायी समिति की सिफारिशों पर विचार करने के पश्चात् और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 तथा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संशोधन किए जाने की आवश्यकता पर उनके स्वयं के विचारों को ध्यान में रखते हुए भारतीय चिकित्सा पद्धति हेतु राष्ट्रीय आयोग विधेयक, 2019 में कुछ संशोधनों/अतिरिक्त खंडों का प्रस्ताव किया।

संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट की जांच की गई और तद्नुसार राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के साथ आमेलित किया गया। मैं उनके डिटेल में नहीं जाऊंगा। मैक्सिमम जो स्टैन्डिंग कमेटी से सुझाव आए थे, कम-से-कम दो-तीन को छोड़कर जो उसमें बाकी थे, मेरे ख्याल से वे हमने पूरे ...**(व्यवधान)**...

प्रो. राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश): आपने इसमें 50 परसेन्ट से कम माने हैं।

श्री श्रीपाद यसो नाईक: जो प्रावधान इसमें हैं, हमें ऐसा लगा कि उनके करने की जरूरत नहीं है, जब जरूरत पड़ेगी तो हम आगे आने वाले रूल में एकोमोडेट कर लेंगे।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Please address the Chair.

प्रो. राम गोपाल यादव: आप इतना आश्वासन दे दीजिए कि योग, नेचुरोपैथी पर जल्दी बिल लाएंगे या इसमें समाहित करके बोर्ड बनायेंगे। सर, योग और नैचुरोपैथी वाली जो बात है, जैसा मैंने कहा कि नीति आयोग के उपाध्यक्ष के अंडर जो समिति गयी थी, उन्होंने रिकमंड किया था कि योग और नैचुरोपैथी के लिए अलग बिल बनायें। हमने बिल की तैयारी भी की है और वह consideration में है, यह मैं निश्चित तौर से आपको आश्वस्त करना चाहूंगा। वह हमारे विचाराधीन है और जल्दी से जल्दी हम इसके ऊपर विचार करेंगे।

सर, मैं एक बार फिर सभी मेम्बर्स का, जिन्होंने यहां हमें सपोर्ट दिया है, उस सपोर्ट का शब्दों में तो मैं आभार नहीं जता सकता हूं, क्योंकि आयुर्वेद — AYUSH system of medicines करीब पांच साल से पहले शुरू हुआ है। 50 सालों में इसके ऊपर कुछ भी नहीं हुआ, यह वैसी के वैसी ही थी। जो बजट 100 करोड़ का था, वहां 50 करोड़ भी

खर्च नहीं होता था। मैं खुशी से कहना चाहता हूं कि इन पांच सालों में हमने जो बजट खर्च किया है, पूरे के पूरे 100 परसेंट खर्च किया है। हमारे एक माननीय सांसद ने इसकी मांग भी की है, आप सभी जानते हैं। आप लोगों ने हमारे लिए इतने प्रयास किये कि बजट और बढ़ा कर दे दो, लेकिन हम मानते हैं कि हो जाएगा। हमें जो कुछ साधन-सामग्री मिली, इससे यह जो आयुष का कार्यभार है, उसको हम पांच सालों में आगे बढ़ाने में थोड़ा-बहुत कामयाब हुए हैं। हमें थोड़ा और मौका चाहिए। आप सभी माननीय सदस्यों ने जो सजेशंस दिये हैं, वे सजेशंस सही रूप से आने चाहिए और इसके बारे में हम विचार करेंगे और जो कुछ हम रूल्स में ले सकते हैं, उनको रूल्स के अंडर हम डाल देंगे और उसकी कार्रवाई करने में आगे बढ़ेंगे।

माननीय राम गोपाल यादव जी, जो कुछ मैंने कहा है, present Ministry has set up a Yoga Certification Board, जो आपने कहा था, वह हमने already एक Yoga Certification Board set up किया है। बिल जब आयेगा, तब यह जो बोर्ड है, तब तक इससे व्यवस्था देख लेंगे।

कई मेम्बर्स ने अपनी बात कही है। डा. अमर पटनायक जी ने कहा था कि, "In order to promote research, all Director-Generals of AYUSH Research Council are Members of this Commission as per the recommendation of the Parliamentary Standing Committee." इन सब को हमने इसमें सम्मिलित किया हुआ है। सभी Research Councils के जो DGs हैं, इन सबको हमने सम्मिलित किया हुआ है। माननीय श्री बांडा प्रकाश जी ने कहा था कि, "Central Government is Second Appellate Authority. The First Appellate Authority is the Commission. Creating a separate Appellate Tribunal will delay the decision-making process." इसीलिए जो कुछ है, पहले जो कमिशन होगा, इसके बाद में मंत्रालय है और जरूरत पड़ी तो फिर इसके ऊपर भी निश्चित तौर से हम विचार करेंगे।

श्री के. सोमप्रसाद जी ने इसके बारे में जो बोला है कि "The provision allows the Chairman and Members of the Commission to accept the employment in any private medical institution within two years from demitting the office of the Commission. The Central Government shall take due procedure and ensure that there is no conflict of interest."

महोदय, हमारे कई मेम्बर्स ने हमें अच्छे सुझाव दिये हैं। डा. विनय सहस्रबुद्धे, जो यहां हमारे मेम्बर हैं, उन्होंने आयुर्वेद का महत्व जिस तरह से हमें बताया है, मुझे लगता है कि हमें विनय सहस्रबुद्धे जैसे लोगों की guidance चाहिए। माननीय प्रो. राम गोपाल यादव जी का जो मार्गदर्शन हमें हर रोज़ मिलता है, इनके सजेशंस के आधार पर इस आयुष मिनिस्ट्री को आगे बढ़ाने में हम निश्चित तैर से कामयाब होंगे।

[प्रो. राम गोपाल यादव]

माननीय मानस रंजन भूनिया जी ने कहा था कि सबसे पहले जो हम चाहते हैं कि वह चाहे कोई सी भी पैथी हो, सभी पैथीज़ में अपनी-अपनी एक अलग ताकत है। कई सदस्यों ने कहा है कि medicines का integration होना चाहिए। यह काम आयुष ने already शुरू किया हुआ है। कई जो बड़े हॉस्पिटल्स हैं, एम्स है या दूसरे जो प्राइवेट हॉस्पिटल्स हैं, वहां integration का काम already शुरू हुआ है। आखिर हम सभी का प्रयास किसके लिए है, जो पेशेंट है, वह जल्दी ठीक होना चाहिए। इसीलिए यह प्रयोग सभी जगहों पर अभी थोड़ी-थोड़ी मात्रा में चालू हुआ है। हमारे यहां 'आयुष' नाम की एक scheme है। उसमें हमारे Primary Health Centers में भी सभी तरह के डॉक्टर्स बैठते हैं। जिसको जो पैथी चाहिए, जो मेडिसिन चाहिए, वह लेकर आता है। अभी integration का प्रमाना शुरू हुआ है और यह integration निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा।

महोदय, प्रो. राम गोपाल यादव साहब ने कहा कि कमेटी की तरफ से 33 recommendations थे, उनमें से आधे को भी नहीं माना गया, मैंने इस संबंध में बताया है कि जिनको हम रूल्स में adjust कर पाएंगे, उनको करेंगे। जो रूल्स हैं, उनमें इनमें से कई अपने आप adjust हो जाते हैं। हमने कहा कि अगर जरूरत पड़ेगा, तो हम इनके ऊपर निश्चित रूप से विचार करेंगे।

महोदय, हमें यह बिल इसलिए लाना पड़ा, क्योंकि हमें आयुष पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए और ताकत चाहिए। कुछ जगहों पर ऐसे कॉलेजेज़ थे, जो नाम के लिए कॉलेजेज़ थे, जहां यह कहा जाता था कि आप एडमिशन ले लीजिए, आप कॉलेज आइए या मत आइए, आप सर्टिफिकेट लेने के लिए आ जाइएगा। एक माननीय सदस्य ने कहा कि हमारे आयुष पद्धति के जो डॉक्टर्स हैं, उनमें confidence नहीं है, practice करने का confidence नहीं है। उनकी यह बात सही है, क्योंकि जब तक डॉक्टर कॉलेज में जाकर पढ़ेगा नहीं, तब तक उसमें प्रैक्टिस करने का confidence कहां से आएगा? इसमें इस तरह के जो strict rules हैं, आज उनकी बहुत जरूरत थी। एक-दो रूम में जो कॉलेज चलते थे, हमने ऐसे सभी कॉलेजेज़ को बंद करवा दिया। सिर्फ कागज पर ऐसे जो कॉलेजेज़ थे, उनको हमने बंद करवा दिया। हमें ये सब करने के लिए और ताकत चाहिए, इसलिए हम ये दोनों बिल्स आपके सामने लेकर आए हैं। आगे ऐसे ही कुछ और कानून आएंगे और हम उन पर अमल कर पाएंगे।

महोदय, यहां पर सभी माननीय सदस्यों ने योग और नैचुरोपैथी के बारे में बोला है, हमने उसके बारे में assure किया है कि जैसा नीति आयोग ने कहा है, उसी के मुताबिक हम नया बिल लाने के बारे में विचार करेंगे और जल्दी ही इस तरह का बिल लेकर आएंगे। माननीय सदस्यों ने बहुत सारे सुझाव दिए हैं, हम उन सुझावों पर निश्चित तौर पर विचार

करेंगे। इस बिल में जो प्रावधान किए गए हैं, इनसे हमें निश्चित तौर पर ताकत मिलेगी। हम आयुष मिशन के तहत NAM के जरिए कार्यक्रम चलाते हैं और सभी प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स में अपना योगदान दे रहे हैं। हमने NAM के तहत जो एक 50 बेड्स हॉस्पिटल की स्कीम बनाई है, उस स्कीम के तहत अब 100 से ज्यादा हॉस्पिटल्स बन रहे हैं। हर डिस्ट्रिक्ट में एक हॉस्पिटल बनाने की योजना है। हम इसी तरह से बढ़ रहे हैं। आप जानते हैं कि दिल्ली के नजदीक बदरपुर में हमने ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद शुरू किया है। मैं सभी माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं कि आप एक बार वहां जाकर देखिए। हमने 2017 में उसको शुरू किया था। आज के दिन वहां दो हजार से भी ज्यादा पेशेंट्स ओपीडी में आ रहे हैं। यह 100 बेड्स का हॉस्पिटल है और हर दिन फुल रहता है और पेशेंट को जगह नहीं मिलती है। इस प्रकार से लोगों का रुझान आयुर्वेद के प्रति, आयुष के प्रति बढ़ रहा है। चूंकि हमारे institutions की संख्या बढ़ रही है, हमारा काम बढ़ रहा है, इसलिए इसको कंट्रोल करने के लिए हमें ताकत भी चाहिए और उसी ताकत के लिए हम इस बिल के माध्यम से आपके सामने आए हुए हैं। मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि हमें आगे भी आपका सहयोग चाहिए और विनती करता हूं कि ये जो बिल्स हैं, इनको पारित करके हमें और ज्यादा अच्छा काम करने के लिए सहूलियत दें। मैं ज्यादा न बोलते हुए, इन्हीं शब्दों के साथ आप सबको धन्यवाद देता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): I shall first put the motion regarding consideration of the National Commission for Indian System of Medicine Bill, 2019 to vote. The question is:

> "That the Bill to provide for a medical education system that improves access to quality and affordable medical education, ensures availability of adequate and high quality medical professionals of Indian System of Medicine in all parts of the country; that promotes equitable and universal healthcare that encourages community health perspective and makes services of such medical professionals accessible to all the citizens; that promotes national health goals; that encourages such medical professionals to adopt latest medical research in their work and to contribute to research; that has an objective periodic and transparent assessment of medical institutions and facilitates maintenance of a medical register of Indian System of Medicine for India and enforces high ethical standards in all aspects of medical services; that is flexible to adapt to the changing needs and has an effective grievance redressal mechanism and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

In Clause 2, there is one Amendment (No. 4) by the hon. Minister.

CLAUSE 2 – DEFINITIONS

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 4) That at page 2, lines 22-23 *for* the words, “whether supplemented or not by such modern advances as”, the words, “supplemented by such modern advances, scientific and technological development as” be *substituted.*

The question was put and the motion was adopted.

Clause 2, as amended, was added to the Bill.

Clause 3 was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): In Clause 4, there are nine Amendments; Amendments (Nos. 49 and 50) by Dr. T. Subbarami Reddy; Amendment (No. 56) by Shri K. Somaprasad and Amendments (Nos.5 to 10) by the hon. Minister. Dr. T. Subbarami Reddy; not present. Shri K. Somaprasad, are you moving?

CLAUSE 4 – COMPOSITION OF COMMISSION

SHRI K. SOMAPRASAD: Sir, I move:

(No. 56) That at page 4, line 7, *for* the word “six”, the word “ten” be *substituted*.

SHRI JAIRAM RAMESH: What are the Amendments by the hon. Minister? ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): They would have been provided to you as part of the Bill.

SHRI JAIRAM RAMESH: No; nothing is provided. ...*(Interruptions)*... What are the Amendments?

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): I request the Minister to ensure that the Members have a copy of the Amendments that you are moving. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: May I raise one issue? ...*(Interruptions)*... Did we discuss the amended Bill or the un-amended Bill? What Bill did we discuss?

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): The Amendments are being voted on now. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: But where are the Amendments? ...*(Interruptions)*... We have not got the Amendments. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): They have been circulated. That is the information I have. ...*(Interruptions)*... I have been informed that the Amendments were circulated on the 28th of February, 2020. They have been circulated. You would have received it much earlier. Since many weeks have passed, you may not have paid attention.

I shall now put the Amendment (No. 56) by Shri K. Somaprasad to vote. ...*(Interruptions)*...

The motion was negatived.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): Now, Amendments (No.5 to 10) by the hon. Minister.

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 5) That at page 3, line 18 *for* the word, "twelve", the word "fifteen" be *substituted*.

(No. 6) That at page 3, line 19 *for* the word, "sixteen", the words "twenty-three" be *substituted*.

(No. 7) That at page 3, *after* lines 37, the following be *inserted*, namely:–

"(fa) the Director General, Central Council for Research in Ayurvedic Sciences, New Delhi;

(fb) the Director General, Central Council for Research in Unani Medicine, New Delhi;

(fc) the Director General, Central Council for Research in Siddha, Chennai;".

[Shri Shripad Yesso Naik]

(No. 8) That at page 4, line 5, *after* the word, "Sanskrit", the words "Urdu, Tamil," be *inserted*.

(No. 9) That at page 4, line 7 *for* the word, "six", the word "ten" be *substituted*.

(No. 10) That at page 4, *for* lines 10 to 14, the following be *substituted*, namely:

"(c) six members from Ayurveda, one member each from Siddha, Unani and Sowa-Rigpa, to be appointed from amongst the nominees of the States and Union territories, under clause (ca) of sub-section (2) of Section 11, in the Advisory Council for Indian System of Medicine, for a term of two years in such manner as may be prescribed.".

The question was put and the motion was adopted.

Clause 4, as amended, was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): In Clause 5, there are two Amendments; Amendment (No. 51) by Dr. T. Subbarami Reddy and Amendment (No. 11) by the hon. Minister. Dr. T. Subbarami Reddy is not present. Now, the Minister.

CLAUSE 5 – SEARCH COMMITTEE FOR APPOINTMENT OF CHAIRPERSON AND MEMBERS

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 11) That at page 4, line 32, *after* the word, "Sanskrit", the words "Urdu, Tamil," be *inserted*.

The question was put and the motion was adopted.

Clause 5, as amended, was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): In Clause 6, there is one Amendment (No.57) by Shri K. Somaprasad.

CLAUSE 6 – TERM OF OFFICE AND CONDITIONS OF SERVICE OF CHAIRPERSON AND MEMBERS

SHRI K. SOMAPRASAD (Kerala): Sir, I move:

(No. 57) That at page 5, lines 38 to 41, be *deleted*.

The question was put and the motion was negatived.

Clause 6 was added to the Bill.

Clause 7 was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): In Clause 8, there are two Amendments; Amendment (No. 52) by Dr. T. Subbarami Reddy and Amendment (No. 12) by Shri Shripad Yesso Naik. Dr. T. Subbarami Reddy is not present. Now, the Minister.

CLAUSE 8 – APPOINTMENT OF SECRETARY, EXPERTS, PROFESSIONALS, OFFICERS AND OTHER EMPLOYEES OF COMMISSION

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 12) That at page 6, line 26, *for* the words, "quality assurance", the word "accreditation" be *substituted*.

The question was put and the motion was adopted.

Clause 8, as amended, as added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): In Clause 9, there is one Amendment (No. 13) by Shri Shripad Yesso Naik.

CLAUSE 9 – MEETINGS OF COMMISSION

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 13) That at page 7, *for* lines 1 to 3, the following be *substituted*, namely:–

"(6) A person who is aggrieved by any decision of the Commission, except the decision rendered under sub-section (4) of Section 30, may prefer an appeal to the Central Government against such decision within fifteen days of the communication of such decision.".

The question was put and the motion was adopted.

Clause 9, as amended, was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): In Clause 10, there are two Amendments; Amendment (No. 53) by Dr. T. Subbarami Reddy and Amendment (No. 14) by Shri Shripad Yesso Naik. Dr. T. Subbarami Reddy is not present. Now, the Minister.

CLAUSE 10 – POWERS AND FUNCTIONS OF COMMISSION

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 14) That at page 7, *after* line 21, the following be *inserted*, namely:–

"(ha) frame guidelines for determination of fees and all other charges in respect of fifty per cent of seats in private medical institutions and deemed to be Universities which are governed under the provisions of this Act;".

The question was put and the motion was adopted.

Clause 10, as amended, was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. M.V. RAJEEV GOWDA): In Clause 11, there are two Amendments; Amendments (Nos. 15 and 16) by Shri Shripad Yesso Naik.

CLAUSE 11 – CONSTITUTION AND COMPOSITION OF ADVISORY COUNCIL FOR INDIAN SYSTEM OF MEDICINE

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 15) That at page 7, *for* lines 38 and 39, the following be *substituted*, namely:–

"in that State, possessing qualifications in the Indian System of Medicine, to be nominated by that State Government, and one member to represent each Union territory, who is the Vice-Chancellor of a University in that Union territory, possessing qualifications in the Indian System of Medicine,"

(No. 16) That at page 7, *for* lines 41 to 44, the following be *substituted*, namely:–

"Provided that where the Vice-Chancellor possessing qualifications in the Indian System of Medicine is not available, a Dean or a Head of Faculty possessing qualifications in the Indian System of Medicine shall be nominated;

(ca) one member to represent each State and each Union territory from amongst elected members of the State Medical Council of Indian System of Medicine, to be nominated by that State Medical Council;

(cb) the Chairman, University Grants Commission;

(cc) the Director, National Assessment and Accreditation Council;".

The question was put and the motion was adopted.

Clause 11, as amended, was added to the Bill.

SHRI P. BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, just one moment. Is it a Bill, or, is it an amended Bill? It should be made clear by the Minister. He should clear this to the entire House. My belief is that the Parliamentary Affairs Minister should scrutinize the entire thing before submitting all these Amendments inside the House by the Minister. He should make it clear to the Chairman of this House as to how many Amendments the Minister wants to bring before the House.

(MR. CHAIRMAN *in the Chair.*)

MR. CHAIRMAN: Bhattacharya*ji*, you have made your point. In Clause 12, there are two Amendments; Amendments (Nos. 17 and 18) by the Minister.

CLAUSE 12 – FUNCTIONS OF ADVISORY COUNCIL FOR INDIAN SYSTEM OF MEDICINE

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 17) That at page 8, line 3, *for* the words, "training and research", the words "training, research and development" be *substituted*.

(No. 18) That at page 8, line 6, *for* the words "training and research", the words "training, research and development" be *substituted*.

The question was put and the motion was adopted.

Clause 12, as amended, was added to the Bill.

MR. CHAIRMAN: In Clause 13, there is one Amendment (No. 54) by Dr. T. Subbarami Reddy. He is not present.

Clause 13 was added to the Bill.

MR. CHAIRMAN: In Clause 14, there is one Amendment (No. 19) by the Minister.

5.00 P.M.

CLAUSE 14 – NATIONAL ELIGIBILITY-CUM-ENTRANCE TEST

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 19) That at page 8, *after* line 35, the following be *inserted*, namely:–

"(4) The Commission shall specify by regulations the manner of admission of students to undergraduate courses who are exempted under sub-section (1).".

The question was put and the motion was adopted.

Clause 14, as amended, was added to the Bill.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, there is no Clause 14 here. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: I will go through it. Please sit down. ...*(Interruptions)*... You can't move away from your seat. You have brought a point to my notice. I will examine it.

You have made your point. I am capable of understanding what you are saying. I will attend to that. ...*(Interruptions)*... In Clause 15, there is one Amendment (No. 20) by the Minister.

CLAUSE 15 – NATIONAL EXIT TEST

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 20) That at page 8, *after* line 45, the following be *inserted*, namely:–

"(4) Any person with a foreign medical qualification shall have to qualify National Exit Test for the purpose of obtaining licence to practice as medical practitioner of Indian System of Medicine and for enrolment in the State Register or the National Register, as the case may be, in such manner as may be specified by regulations."

The question was put and the motion was adopted.

Clause 15, as amended, was added to the Bill.

Clauses 16 to 18 were added to the Bill.

...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: You need not tell him and he need not tell you. If there is anything, that will be told to me. ...*(Interruptions)*... Please. Don't make any gesticulation. He is a Member. He has got the right to say. If there is some substance in what he is saying, I will attend to that. Otherwise, I will be moving on. Please. This is the House. We must respect each other.

In Clause 19, there are two Amendments; Amendment (No. 55) by Dr. T. Subbarami Reddy. He is not present. Also, there is one Amendment (No. 21) by the Minister. ...*(Interruptions)*...

CLAUSE 19 – COMPOSITION OF AUTONOMOUS BOARDS

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 21) That at page 9, *for* lines 45 and 46, the following be *substituted*, namely:–

"and the remaining two Members shall be accreditation experts;"

The question was put and the motion was adopted.
Clause 19, as amended, was added to the Bill.
Clauses 20 to 23 were added to the Bill.

...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: In Clause 24, there is one Amendment (No. 22) by the Minister.

CLAUSE 24 – MEETINGS, ETC., OF AUTONOMOUS BOARDS

SHRI SHRIPAD YESSO NAIK: Sir, I move:

(No. 22) That at page 10, line 41, *for* the words, "sixty days", the words "thirty days" be *substituted*.

The question was put and the motion was adopted.
Clause 24, as amended, was added to the Bill.
Clauses 25 and 26 were added to the Bill.

...*(Interruptions)*...

